
26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 18 सितम्बर, 2026

अंक- 325 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16




## 26 ग्लोबल कंपनियां यूपी में जीसीसी में करेंगी निवेश

### 22 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) के कई हब विकसित करने की तैयारी है। औद्योगिक विकास विभाग ने 2000 से अधिक कंपनियों से संपर्क चुना है। इनमें तत्काल निवेश के लिए 26 कंपनियां चुनी गई हैं। इनसे 3936 करोड़ रुपये के निवेश और 22 हजार रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। विभाग जमीन, कार्यालय विश्वविद्यालयों व निजी क्षेत्र के सहयोग से प्रतिभा ढांचा विकसित कर रहा है। वहीं, 25 विश्वविद्यालयों से एमओयू कर पूर्व छात्रों के डाटा से टैलेंट पूल बनेगा। अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट, ओरेकल, ऑप्टम और बार्कलेज एंकर जीसीसी हैं। एलजी, अमेरिप्राइज, एओएन, मेटलाइफ और टेबल स्पेस से बातचीत चल रही है। एडोबी, फिसर्व और ईएक्सएल समेत 150 जीसीसी कंपनियां संभावित लक्ष्य समूह में हैं। 1710 करोड़ रुपये के निवेश वाले चार प्रस्तावों को उच्चस्तरीय समिति की मंजूरी मिल चुकी है। ये कैबिनेट अनुमोदन अथवा लेटर ऑफ कम्फर्ट चरण में हैं। 14 मामले डीपीआर स्तर पर हैं, जिनमें 1223 करोड़ रुपये का निवेश संभावित है। दो मामलों में जमीन की अड़चन है। नोएडा में 169 जीसीसी संचालित हैं। यहां 12 विकल्पों में 24.6 मिलियन वर्ग फुट ग्रेड-ए स्पेस मैप किया गया है।









# रघुवंशी प्रिंटर्स के श्रमवीरों ने की विश्वकर्मा पूजा






बिजनौर ( चिंगारी )। आदि शिल्पकार विश्वकर्मा जी की जयंती पर रामगंगा प्रकाशन रघुवंशी प्रिंटर्स के श्रमवीरों ने पूजा-अर्चना कर भगवान विश्वकर्मा से आशीर्वाद मांगा। दैनिक बिजनौर टाइम्स एवं सांध्य दैनिक चिंगारी के मुद्रणालय रघुवंशी प्रिंटर्स में पंडित पूरनचंद शास्त्री ने पूर्ण विधि-विधान के साथ पूजा कराई। संस्थान के श्रमवीरों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान विश्वकर्मा की पूजा-आराधना की और उनसे अनवरत दोनों समाचार-पत्रों के मुद्रण/प्रकाशन की प्रार्थना की। इस अवसर पर सभी ने ग्रुप संपादक चंद्रमणि रघुवंशी व संपादक सूर्यमणि रघुवंशी के साथ मिलकर भगवान गणेश और भगवान विश्वकर्मा की आरती की। पंडित पूरनचंद शास्त्री ने संस्थान में सभी मशीनों व यंत्रों का भी विधिवत पूजन कराया। वातावरण भक्ति व श्रद्धा से परिपूर्ण रहा।

# एक शाम मोदी के नाम में सम्मानित हुए महताब ख़ान चांद



**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर एक शाम मोदी के नाम राष्ट्रीय सम्मान समारोह में महताब ख़ान चांद को सम्मानित किया गया। केन्द्रीय सभागार संसद मार्ग दिल्ली में समाजसेवा एवं जनकल्याण के क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली इकत्तीस लब्ध प्रतिष्ठित प्रतिभाओं को देशभक्ति भारतीय संस्कृति सभ्यता सेवा संकल्प के लिए नमो सेवा सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सांसद नरेश बंसल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामलाल जाजू लाल आर्य, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सांसद मनोज तिवारी, कुलपति गीता सिंह, स्वामी अवधेशानंद महाराज, मां जगदम्बा महाराज संस्था के अध्यक्ष मनोज कुमार, सर्वशिक्षा अभियान के अध्यक्ष संदीप गोदियाल आदि उपस्थित रहे। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए इंटर नेशनल ब्रांड एंबेसडर एवं समाजसेवा को समर्पित महताब ख़ान चांद को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।




## वरिष्ठ नागरिकों को ट्रेनों में छूट दिलाने की मांग की

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के समस्त सदस्यों ने वरिष्ठ नागरिकों को रेलवे विभाग में छूट देने के लिए भारत सरकार से अपील की है। वरिष्ठ नागरिकों ने खास तौर से रेलों के 3 टायर में जल्दी से जल्दी छूट दिलाने की मांग की। वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के अध्यक्ष जितेंद्र कक्कड़ ने कहा कि बुजुर्गों को बसों में सफर करते हुए स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण बहुत ही परेशानियां होती है। लंबे सफर में बुजुर्गों को इस तरह सफर में बेआरामी होती हैं। चूंकि एक जगह पर बैठे रहना बहुत ही मुश्किल होता है। वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति नजीबाबाद के समस्त सदस्यों ने सरकार से अपील की कि उनके लिए रेलों में छूट का प्रावधान जल्द से जल्द करना चाहिए। वरिष्ठ नागरिकों ने रेल प्रशासन से सरकार को अपनी ओर से इस संबंध में अपनी राय देकर विचारणीय समस्या का हल खोजने की अपील की।

## समस्याओं को लेकर पंकज चौधरी से मिले सुबोध पाराशर

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व एमएलसी सुबोध पाराशर ने प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से मुलाकात कर नजीबाबाद क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को प्रमुखता से उनके समक्ष रखा। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अवधेश चौधरी, भाजपा पिछड़ा मोर्चा सोशल मीडिया के जिला प्रमुख रितेश सैन, शेखपुरा गढ्ढू के पूर्व प्रधान सीटू प्रधान एवं धूम सिंह प्रधान सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे।



अब धामपुर में भी इलेक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम खुल गया है
पता- इंदिरा नगर कॉलोनी निकट आयुष्मान हॉस्पिटल, धामपुर 246761
मो. 9762717747
बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की। मो. 9119766026
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

कालसी में गूंजा मां यमुना का जयघोष ( पेज 15 )



# धूमधाम से मनाया विश्वकर्मा जयंती कार्यक्रम



अतिथियों का स्वागत करते हुए आयोजन

## बिजनौर में निकली भव्य शोभायात्रा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती का भव्य कार्यक्रम एम.डी. डिग्री कालेज चामुण्डा देवी रोड मौ. जाटान बिजनौर में विश्वकर्मा सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम पं. प्रवीन शास्त्री के द्वारा वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ विश्वकर्मा जी का हवन-पूजन किया गया, जिसके यजमान अर्जुन कुमार धीमान व दयाशंकर धीमान रहे। तदुपरान्त कलाकारों द्वारा भगवान विश्वकर्मा के भजनों का कार्यक्रम हुआ, जिसमें हरियाणवी गायक आयुष धीमान का गाया गीत 'अगर विश्व में विश्वकर्मा न होते..' भक्तों को बहुत पसंद आया। समिति के संस्थापक कृष्ण कुमार धीमान ने सभा को संबोधित करते हुए समाज के लोगों को अपने बच्चों को शिक्षित, संस्कारवान व राष्ट्रवादी बनाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि महेशचन्द शर्मा एडीओ मौहम्मदपुर देवमल तथा मुख्य वक्ता हरप्रसाद शास्त्री नजीबाबाद रहे। समिति ने दोनों महमानों को स्मृति चिन्ह तथा विश्वकर्मा जी का चित्र भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारियों राकेश धीमान मण्डावली, संजय धीमान, धर्मवीर धीमान, चमन धीमान जमालपुर, सहदेव धीमान गोपालपुर, राकेश धीमान दुर्गा फर्नीचर आदि का विशेष सहयोग रहा। बाहर से आये अतिथियों को स्मृति चिन्ह और विश्वकर्मा जी का स्वागत चित्र भेंट किया। अपराह्न दो बजे भगवान विश्वकर्मा जी की शोभायात्रा का मौ. जाटान से संस्थापक कृष्ण कुमार धीमान व मुख्य अतिथि महेश चन्द शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया। चन्दौसी से आई ढोल ताशे पार्टी एवं भगवान विश्वकर्मा जी का डोला, श्री गणेश जी का रथ, राम-लक्ष्मण जी की सुरक्षा में महर्षि विश्वामित्र, ज्ञान विज्ञान पर शोध करते हुए भारत माता, शिव ताण्डव की झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहीं।



शोभायात्रा में शामिल झांकी।

# काशीपुर-हरिद्वार फोरलेन हाईवे पर पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली : चालक की मौत, दो घायल

## गर्दन में लोहे की वस्तु फंसने से हुआ गंभीर रक्तस्राव

**नगीना ( चिंगारी )। कांठ से लकड़ी कटान के लिए किरतपुर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली शुक्रवार सुबह कालाखेड़ी अंडरपास के ऊपर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी घायल हो गए। गंभीर घायल एक युवक को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया।**

कांठ थाना क्षेत्र के गांव मिश्रीपुर निवासी पाती (40 वर्ष) अपने गांव के ही सुलेंद्र (40 वर्ष) और राहुल (20 वर्ष) के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली से किरतपुर लकड़ी कटान के लिए जा रहे थे। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे काशीपुर-हरिद्वार फोरलेन पर कालाखेड़ी अंडरपास के ऊपर ट्रैक्टर का गुल्ला टूट गया। जिससे ट्रैक्टर का अगला हिस्सा अचानक ऊपर उठ गया और ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई।

हादसे में ट्रैक्टर चला रहे पाती की गर्दन में लोहे की नट-बोल्ट जैसी वस्तु फंस गई, जिससे गर्दन में गहरा घाव हो गया और अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। वहीं सुलेंद्र भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि राहुल को मामूली चोटें आईं।

सूचना मिलते ही सीओ राजेश सिंह सोलंकी मौके पर पहुंचे और घायलों को सीएचसी नगीना भिजवाया। सीएचसी प्रभारी डॉ.विशाल दिवाकर ने बताया कि पाती की गर्दन में गहरा घाव था। इमरजेंसी में उपचार शुरू किया गया, लेकिन अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसकी मौत हो गई। घायल सुलेंद्र को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया, जबकि राहुल का सीएचसी में उपचार किया गया।

सीओ राजेश सिंह सोलंकी ने बताया कि मृतक और दोनों घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर मोर्चरी भेज दिया है। घटना के संबंध में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है। परिजनों की तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बब्बू लंगड़े गैंग का गुर्गा हिफ्जान गिरफ्तार

**किरतपुर ( चिंगारी )। दुष्कर्म और सामूहिक गैंगरेप के मुकदमे में फसाने की धमकी देकर स्थानीय समाजवादी पार्टी के नेता महफूज अली खान से आठ लाख वसूलने वाले बब्बू लंगड़े गैंग के सदस्य हिफ्जान पुत्र अमानुल्ला निवासी मोहल्ला लाडपुरा थाना किरतपुर को आज सुबह कस्बा इंचार्ज दीपक नागर ने मोहल्ले के पास स्थित कब्रिस्तान से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ज्ञात हो कि 8 दिन पूर्व सपा नेता ने बब्बू लंगड़े सहित 6 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।**




कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## विकास का अर्थ ये नहीं कि...

इंटेलिजेंस ब्यूरो की एक रिपोर्ट के अनुसार, विदेशी चंदे पर चलने वाले अनेक एनजीओ भारत के विकास में बाधा डाल रहे हैं। ऐसे संगठनों के कामों की समीक्षा की जाएगी और आरोप सही पाया गया, तो उनके विदेशी चंदा लेने पर रोक लगा दी जाएगी। विकास में बाधा डालने की परिभाषा क्या है? कुछ सरकारी योजनाओं का विरोध करना। जैसे, बॉक्साइट के खनन पर आधारित उद्योगों का विरोध, परमाणु संयंत्रों का विरोध, बड़े बांधों का विरोध, बीटी बीजों का विरोध, नदियों को जोड़ने की योजना का विरोध आदि-आदि। इस पर आश्चर्य ही प्रकट किया जा सकता है कि सरकार की नजर सिर्फ विरोध पर है- इन विरोधों के पीछे काम कर रही देशभक्ति की भावना पर नहीं। विकास क्या है? क्या सिर्फ आर्थिक विकास को ही विकास कहते हैं? विकास का परीक्षण क्या इससे किया जा सकता है कि किस देश में कितने कारखाने हैं या कितने परमाणु बिजलीघर हैं? अगर वायु प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की जा रही है, तो क्या इसे कल-कारखानों और मोटरगाड़ियों का विरोध मान लिया जाए? जल प्रदूषण से मरने वाली मछलियों से पूछिए कि विकास के बारे में उनकी क्या धारणा है? कम से कम इतना तो हमें स्वीकार कर लेना चाहिए कि विकास क्या है। सरकार का काम असहमति को कुचलने का नहीं, उस पर विचार करते हुए अपनी नीतियों को संशोधित करने का है। मजे की बात यह है कि इंटेलिजेंस ब्यूरो की जिस रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने एनजीओ संस्थाओं की जांच कराने का मंसूबा बांधा है, वह कोई मौलिक शोध या मौलिक रिपोर्ट नहीं है। सवाल है कि क्या विकास के पैरवीकार ऐसा ही करते हैं? क्या वे अपने आला अफसरों की रिपोर्ट को अपनी रिपोर्ट बताकर पेश कर देते हैं? इससे संकेत मिलता है कि भारत में विकास के जो मैनेजर हैं, उनकी समझ किस तरह काम करती है। क्या इसके पीछे मुख्य भावना चापलूसी करने की नहीं है? विकास चापलूसी से होता है या ईमानदार चिंतन और कर्म से?

## गुलदार ने चौकीदार पर हमला किया

नहटौर (चिंगारी)। नगर के मोहल्ला नौधा निवासी 60 वर्षीय कलवा सिंह नगरपालिका के डम्पिंग ग्राउंड पर चौकीदारी करते हैं। रात लगभग साढ़े नौ बजे वह घर से अपनी डयूटी पर जा रहे थे कि जैसे ही डम्पिंग ग्राउंड के मुख्य गेट पर पहुंचे, वहां घात लगाये बैठे एक गुलदार ने उन पर हमला कर दिया। कलवा सिंह की चीख-पुकार सुनकर कुछ लोग दौड़े तो गुलदार उन्हें देखकर जंगल में भाग गया।

# प्रकृति की चेतावनी : समाज की चुप्पी
# विकास की दिशा पर पुनर्विचार का समय

**नेपाल और हिमालयी क्षेत्र में बाढ़, ग्लेशियरों का पिघलना, असामान्य वर्षा, बढ़ता तापमान और बदलता जलचक्र-क्या इन्हें केवल प्राकृतिक आपदाएं कहकर आगे बढ़ जाना पर्याप्त है? शायद नहीं। प्रश्न यह नहीं कि बाढ़ क्यों आई? बड़ा प्रश्न यह है कि बदलती पर्यावरणीय परिस्थितियों में हमारी भूमिका क्या है और हम उससे कितना सीख रहे हैं।**

विज्ञान अब इस तथ्य को स्पष्ट रूप से स्थापित कर चुका है कि वर्तमान वैश्विक तापवृद्धि का प्रमुख कारण मानव गतिविधियों से बढ़ी ग्रीनहाउस गैसें हैं। जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग, औद्योगीकरण, परिवहन, ऊर्जा की बढ़ती मांग, वनों की कटाई और असंतुलित उपभोग ने पृथ्वी की जलवायु-व्यवस्था पर दबाव बढ़ाया है।

यह संकट केवल तापमान बढ़ने का नहीं है। जलवायु परिवर्तन जलचक्र को भी प्रभावित करता है। हिमालयी ग्लेशियरों का पीछे हटना, हिमनद झीलों का विस्तार, वर्षा के स्वरूप में बदलाव, अचानक बाढ़ और दूसरी ओर जल-संकट- ये अलग-अलग घटनाएं होते हुए भी एक व्यापक पर्यावरणीय संकट की ओर संकेत करते हैं।



किसी विशिष्ट बाढ़ को केवल जलवायु परिवर्तन का परिणाम कहना वैज्ञानिक रूप से उचित नहीं होगा, स्थानीय भूगोल, वर्षा, नदी-प्रणाली और भूमि-उपयोग भी महत्वपूर्ण कारक हैं। लेकिन बदलती जलवायु इन जोखिमों की तीव्रता और प्रकृति को प्रभावित कर रही है।

इस संकट में वन हमारी प्राकृतिक सुरक्षा-दीवार हैं। वे कार्बन को अवशोषित करते हैं, जल को संरक्षित करते हैं, मिट्टी को बांधते हैं, जैव-विविधता को आश्रय देते हैं और स्थानीय पारिस्थितिकी को संतुलित करते हैं। विकास के नाम पर वनों और प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र का क्षरण अंततः हमारी ही सुरक्षा को कमजोर करता है।

हमारी सांस्कृतिक चेतना भी हमें प्रकृति के साथ संतुलन का संदेश देती रही है। भारतीय परंपरा में पृथ्वी माता है, नदियां जीवनदायिनी हैं और वृक्ष पूजनीय हैं। पंचतत्व मनुष्य को प्रकृति से अलग नहीं, उसका हिस्सा मानते हैं। लेकिन आस्था और आचरण के बीच की दूरी चिंताजनक है। नदी को माता कहकर उसमें कचरा बहाना और वृक्ष की पूजा करते हुए जंगलों का विनाश करना हमारे समय का गंभीर विरोधाभास है।

### बुद्धिजीवी वर्ग की अग्निपरीक्षा

ऐसे समय में बुद्धिजीवी वर्ग की भूमिका केवल टिप्पणी करने तक सीमित नहीं रह सकती। शिक्षक, वैज्ञानिक, लेखक, पत्रकार, शिक्षाविद्, शोधकर्ता और सामाजिक विचारक समाज की दिशा प्रभावित करते हैं। उनका दायित्व है कि वे पर्यावरणीय संकट को भावनात्मक शोर या राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से अलग करके तथ्य, विज्ञान और विवेक के आधार पर सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा बनाएं।

उन्हें सरकारों की नीतियों पर प्रश्न उठाने के साथ-साथ समाज की अपनी जिम्मेदारियों पर भी बात करनी होगी। विकास परियोजनाओं के पर्यावरणीय प्रभाव, जल-संसाधनों के संरक्षण, वनों की स्थिति और जलवायु-अनुकूल जीवनशैली जैसे प्रश्नों को केवल विशेषज्ञ सम्मेलनों तक सीमित रखने के बजाय आम नागरिक की समझ का विषय बनाना होगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि बुद्धिजीवी वर्ग को सहमति का सुविधाजनक स्वर नहीं, विवेक का असुविधाजनक प्रश्न बनना होगा। जहां विकास आवश्यक है, वहां उसके लाभों को समझना होगा, जहां उसकी पर्यावरणीय कीमत अस्वीकार्य हो सकती है, वहां तथ्यपूर्ण चेतावनी देनी होगी। समाज को डराना नहीं, बल्कि उसे जिम्मेदार निर्णय लेने के लिए सक्षम बनाना ही बौद्धिक नेतृत्व की सार्थक भूमिका है।



### आखिर हमारी विकास-परिभाषा क्या है?

अधिक उत्पादन, अधिक उपभोग और अधिक ऊर्जा खपत या ऐसा विकास जो आर्थिक प्रगति के साथ हवा, पानी, मिट्टी, जंगल और आने वाली पीढ़ियों को भी सुरक्षित रखे।

प्रकृति प्रतिशोध नहीं लेती, वह हमारे कर्मों के परिणाम सामने रखती है।

हिमालय की बदलती बर्फ, नदियों का बदलता स्वरूप और मौसम की बढ़ती अनिश्चितता भविष्य की कोई दूर की कहानी नहीं, बल्कि वर्तमान का आईना है। अब आवश्यकता केवल चेतावनियां सुनने की नहीं, बल्कि उनसे सीखकर अपनी विकास-दृष्टि और जीवन-पद्धति पर पुनर्विचार करने की है, क्योंकि आने वाली पीढ़ियां शायद यह नहीं पूछेंगी कि हमने कितना निर्माण किया। वे पूछेंगी-

**जब प्रकृति चेतावनी दे रही थी, तब आपने अपनी दिशा क्यों नहीं बदली?**

**प्रकाश पंकज**
विज्ञान शिक्षक, हल्दौर

# इस मौसम में पेट का रखें ख़याल

बढ़ते तापमान की वजह से बैक्टीरिया और वायरस का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। अगर आपने समय रहते सावधानी नहीं बरती तो बीमार पड़ सकती हैं।

बढ़ते तापमान के साथ ही स्वास्थ्य पर खतरे बढ़ने लगते हैं। खासकर पेट संबंधी संक्रमणों का खतरा तेजी से बढ़ता है, जिससे दस्त और अन्य पाचन समस्याएं हो जाती हैं। ऐसे में सावधानी रखना बेहद जरूरी है, ताकि खुद को परिवार को सुरक्षित रखा जा सके।

गर्मी में ई-कोलाई और साल्मोनेला जैसे बैक्टीरिया तेजी से बढ़ते हैं, जिससे खाना जल्दी खराब हो जाता है। स्ट्रीट फूड, खुले फल, जूस और आइसक्रीम संक्रमण का कारण बनते हैं। पसीना ज्यादा आने से शरीर में पानी और नमक की कमी हो जाती है, जिससे पेट संबंधी समस्याएं बढ़ी हैं। वहीं हाथ न धोना और फल-सब्जी साफ कर न खाना संक्रमण को बढ़ाते हैं।

### पानी और हाइड्रेशन

गर्मियों में डिहाइड्रेशन आम है। कम पानी पीने से शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी हो जाती है, जो दस्त व पेट की समस्याएं बढ़ती हैं। इसलिए रोज 8-10 गिलास पानी



पीएं। साफ पानी के लिए वाटर फिल्टर या आरओ का इस्तेमाल करें और समय-समय पर सर्विसिंग कराएं, इससे हानिकारक जीवाणु दूर रहते हैं।

### स्वच्छता का महत्व

गर्मी में घर का बना साफ-सुथरा भोजन ही सबसे सुरक्षित होता है। बाहर का खाना, खासकर ऑनलाइन मंगाया गया, अक्सर संक्रमण का स्रोत बन सकता है। गर्मियों में आप ताजा दही का सेवन करें, क्योंकि इसमें मौजूद प्रोबायोटिक्स इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं।

### हल्का और सुपाच्य भोजन

गर्मियों में भारी, तैलीय और मसालेदार खाना पाचन बिगाड़ता है। इसलिए हल्का और सुपाच्य भोजन जैसे- दलिया, सूप उबली सब्जियां खाएं, जो पेट को स्वस्थ रखते हैं। नियमित साफ-सफाई, हाइड्रेशन और हल्का खान-पान अपनाकर आप दस्त और पेट संबंधी संक्रमणों से बच सकती हैं। **-विनीता**

### 12 से 4 की धूप से बचें

गर्मी में भूजल कम होने से पानी प्रदूषित होता है और संक्रमण का खतरा बढ़ता है, इसलिए पानी उबालकर या साफ करके पीएं। बच्चों को घर का पानी दें और उनकी बोतल साफ रखें। दोपहर 12 से 4 बजे की धूप से बचें, जरूरी हो तो छतरी या कैप का इस्तेमाल करें। स्ट्रीट फूड, खुले फल, जूस और मिल्कशेक से दूर रहें। लूज मोशन होने पर ओआरएस, नारियल पानी, छाछ, लस्सी या नींबू पानी पीएं। गर्मियों में हल्का भोजन करें और पर्याप्त पानी पीएं। **डा. अनिल बंसल, वरिष्ठ चिकित्सक**

# वन्य जीवों संबंधी समाचारों में संवेदनशीलता जरूरी- डॉ. बड़ोला

## रामनगर में मीडिया कार्यशाला का आयोजन

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** बृहस्पतिवार को कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की ओर से वन विभाग एवं पत्रकारों के बीच बेहतर समन्वय और संवाद स्थापित करने तथा वन्यजीव संरक्षण से जुड़े विषयों की सही, तथ्यपरक एवं जिम्मेदार जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से रामनगर स्थित रिसॉर्ट में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। रामनगर स्थित एक रिसोर्ट में आयोजित कार्यशाला में मानव–वन्यजीव संघर्ष, वन्यजीव संरक्षण, मीडिया की भूमिका, जिम्मेदार रिपोर्टिंग तथा संवेदनशील वन्यजीव घटनाओं की कवरेज सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ साकेत बड़ोला ने कहा कि वन्यजीवों से जुड़े समाचारों में तथ्यों की शुद्धता, संतुलन और संवेदनशीलता बेहद महत्वपूर्ण है। किसी भी घटना की खबर प्रकाशित /प्रसारित करने से पहले उपलब्ध तथ्यों की पूरी जानकारी कर लेना आवश्यक है ताकि समाचार के माध्यम से समाज में किसी प्रकार की गलतफहमी न फैले। उन्होंने कहा कि वन विभाग और मीडिया के बीच निरंतर संवाद रहने से वन्यजीव संरक्षण से जुड़े विषयों को बेहतर ढंग से समाज के सामने रखा जा सकता है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के पुनर्वास को लेकर कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से शोध कर मीडिया कार्यशाला में प्रस्तुति देने पहुंचीं वरिष्ठ पत्रकार एवं वन्यजीव संरक्षण विशेषज्ञ सुश्री प्रेरणा सिंह बिंद्रा ने पत्रकारिता से जुड़े अपने अनेक अनुभव साझा किए। उन्होंने वन्यजीवों से संबंधित समाचारों में अपराध से जुड़े शब्दों के अनावश्यक प्रयोग से परहेज करने तथा सकारात्मक एवं संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने को बेहतर बताया। उन्होंने मानव–वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को व्यापक संदर्भ में समझने पर जोर देते हुए कहा कि किसी घटना की रिपोर्टिंग में केवल घटना को सामने रखना पर्याप्त नहीं है बल्कि उसके पीछे की परिस्थितियों और कारणों को भी समझना जरूरी है। उन्होंने पत्रकारों से वन्यजीवों से संबंधित खबरों में संवेदनशीलता, संदर्भ और तथ्यों का विशेष ध्यान रखने की अपील की।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे कॉर्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केंद्र के संकाय सदस्य एवं वरिष्ठ पत्रकार अथहर महमूद सिद्दीकी ने बदलते सामाजिक एवं पर्यावरणीय परिवेश में वन्यजीव संरक्षण के लिए समाचार माध्यमों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। कार्यशाला के दौरान पत्रकारों ने वन्यजीव संरक्षण, मानव–वन्यजीव संघर्ष, रेस्क्यू कार्रवाई, सूचना के आदान–प्रदान और विभागीय स्तर पर होने वाली गतिविधियों से जुड़े विभिन्न सवाल उठाए। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार विनोद पपने, गणेश रावत, उधम सिंह राठौर एवं नितिन दिनेश कौशिक ने संवाद को गति प्रदान करते हुए वन विभाग के अधिकारियों के समक्ष विभिन्न ज्वलंत प्रश्न रखे।



समन्वय कार्यशाला में शामिल पत्रकार एवं वन विभाग के अधिकारी।


कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते डॉ. साकेत बड़ोला।

# प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन सेवा संकल्प अभियान के रूप में मनाया

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 76 वें जन्मदिन पर मरीज व तीमारदारों को फल वितरित किए। मंडावली में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 76 वां जन्म दिवस मनाया गया। जिसमें एक आरोग्य शिविर लगाकर मरीजों को नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता मा. रमेश सिंह, मंडल महामंत्री सचिन देशवाल, कपिल राजपूत, भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, अनुज चौधरी, नरपाल सिंह, संजीव राठी, नौबाहर सिंह, तरुण चौहान, रेशम सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। कार्यक्रम प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप कुमार द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर मा. रमेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री का जन्मदिन भाजपा 'सेवा संकल्प अभियान' के रूप में मनाने की योजना बनाई है। भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर हम सब अपने अपने घरों के सामने दीप जलाकर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की प्रार्थना करे। इस अवसर पर फार्मासिस्ट अरुण कुमार शर्मा, लैब टेक्नीशियन कासिम, मरगूब अली, सूर्यांश उपाध्याय, विनीत कुमार, विशाल कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा

# उपचार के दौरान गर्भवती महिला की मौत, ससुरालियों पर लगाया आरोप

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। ग्राम मीरमपुर बेगा निवासी महिला शीतल पत्नी टीकम सिंह जो 6 माह की गर्भवती थी, की तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां पर चिकित्सकों ने गर्भ में बच्चे की मौत होने की जानकारी परिजनों को दी थी। जिसके बाद महिला की तबीयत और ज्यादा बिगड़ गई। उपचार के दौरान महिला की भी मौत हो गई। मृतका के भाई कृष्णा पुत्र रामसिंह निवासी ग्राम रतनपुर थाना मंडावर ने मंडावली पुलिस को तहरीर दी। जिसमें ससुराल पक्ष पर आरोप लगाते हुए अपनी बहन की मौत को संदिग्ध बताते हुए उचित कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मृतका की मौत का कारण पता चलेगा। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 76 वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में नजीबाबाद के लाइफलाइन हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व क्षेत्रीय मंत्री श्रीमती लीना सिंघल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में अनुसूचित मोर्चा भाजपा के जिला अध्यक्ष सुधीर भुईयार, योगेन्द्र चौधरी, ईशम सिंह, डॉक्टर ज़ैदी, डॉ. अशोक चहल एवं मोहम्मद अकरम उपस्थित रहे। इस अवसर पर कपिल चौधरी, सरदार मनिंदर सिंह, अनिल शर्मा, मगन बिहारी, आसिफ़ सहित अनेक लोगों ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया कि रक्तदान केवल एक दान नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने का संकल्प है।





मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ–पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार–बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423



HONDA

₹5000* डाउन पेमेंट में होण्डा का कोई भी वाहन प्राप्त करें।




पुराने वाहन के बदले नयी होण्डा घर ले जाएं
आसान लोन व ऑफर्स के साथ

डाउन पेमेंट ₹5100#
एक्सचेंज बोनस ₹2000#
कैशबैक ₹10000#
कम किश्त ₹2499#

चौधरी होण्डा
स्टेशन रोड, बिजनौर
मण्डावर ब्रांच- बिजनौर रोड निकट बिजली घर, मण्डावर, बिजनौर
M. 9927224422, 8958224422

# स्टेट बैंक के ब्रांच मैनेजर का शव किचन में लटका मिला

कोटद्वार ( चिंगारी )। धुमाकोट स्थित भारतीय स्टेट बैंक के ब्रांच मैनेजर ( 42 वर्षीय ) गणेश सिंह नेगी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस को उनका शव किराए के मकान की किचन में रस्सी के सहारे सरिये से लटका मिला। शुरुआती जांच में पुलिस इसे आत्महत्या का मामला मान रही है। गणेश सिंह नेगी पुत्र सुरेंद्र सिंह नेगी, शरदापुरी, थाना कंकरखेड़ा, मेरठ,उत्तर प्रदेश के निवासी थे। वह लगभग दो महीने पहले ही एसबीआई की धुमाकोट शाखा में ब्रांच मैनेजर के पद पर स्थानांतरित होकर आए थे। वर्तमान में वह तहसील धुमाकोट के पास स्वर्गीय पुष्कर सिंह रावत के मकान में किराए पर रह रहे थे। परिवार के लोग बुधवार से उन्हें फोन कर रहे थे, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। गुरुवार सुबह उनके पिता ने बैंक के एक कर्मचारी को फोन कर गणेश से बात कराने को कहा। कर्मचारी जब कमरे में पहुंचा तो दरवाजा खुला हुआ था और किचन में गणेश का शव रस्सी के सहारे लटका हुआ था। इस पर उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें नीचे उतारकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, गणेश की पत्नी को घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं धुमाकोट थाना इंचार्ज सुनील पंवार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। प्रथम दृष्ट्या यह आत्महत्या का ही मामला नजर आ रहा है।

# धामपुर शुगर मिल में श्रद्धापूर्वक मनाई गई श्री विश्वकर्मा जयंती



धामपुर शुगर मिल में श्री विश्वकर्मा जयंती पर हवन में शामिल अधिकारी।

धामपुर ( चिंगारी )। धामपुर शुगर मिल में कल धूमधाम के साथ श्री विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। शुगर यूनिट एवं केमिकल (डिस्टलरी) यूनिट में मिल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष कुमार शर्मा, डिस्टलरी हेड सुनील कुमार राणा, मोहित वशिष्ठ, इंजीनियरिंग हेड द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान श्री विश्वकर्मा जी का पूजन, हवन किया गया। पूजन पुरोहित पंडित सुनील शास्त्री एवं पंडित अमित ध्यानी के द्वारा कराया गया। सम्पूर्ण आयोजन धामपुर शुगर मिल की श्री विश्वकर्मा कमेटी एवं उनके संरक्षकगणों के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

कमेटी के संरक्षक आशीष कुमार शर्मा, अभय शर्मा, आलोक मित्तल, उत्तम सिंह, अध्यक्ष शिखर चंद, उपाध्यक्ष दलबीर सिंह, महामंत्री प्रदीप सिंह तथा कमेटी के सदस्यगणों-परविंदर सिंह, नरेश कुमार, तेजपाल, पुष्पराज, वीरेंद्र यादव, भूपेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, राम सिंह, पवन कुमार, शमीम अहमद का योगदान रहा। इस अवसर पर मिल के अधिकारियों में श्री संजीव कुमार, सहायक उपाध्यक्ष गन्ना, श्री विकास अग्रवाल, दिल्ली ऑफिस से आए श्री श्याम सुंदर शर्मा, सत्यवीर सिंह, लवकुश चौहान, दिनेश भारती, विवेक सिंह यादव, अजय पांडेय,विनोद बिष्ट, प्रीतम सिंह, नरदेव सिंह, ओमप्रकाश, पंकुल अग्रवाल, प्रवीण भारतीया, वेंकटेश चालकी, नीरज कुमार, निर्मल कुमार, राने सिंह, धीरज सक्सेना, हारुण खान, विनोद राणा, दुर्गेश राठौर, गोविंद अग्रवाल, स्मृति यादव, संध्या, शरद गहलौत, अमित मिश्रा, लवकुश चौहान, अरुण चौहान, विनोद सिंह, अर्पण सैनी, भरत भूषण बरनी, पंडित वीरेंद्र चौबे, दिवाकर गुप्ता, योगेंद्र कुमार लविश कुमार, सुरेश सिंह, सुरेंद्र सिंह, शोभित सक्सैना, दिनेश राणा, राजीव कौशिक, पवन शर्मा, वीरेंद्र सुपरवाइजर, नरदेव सिंह, मनीष उपाध्याय, भूदेव सिंह लाल ठेकेदार, रमेश पंडित आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन कारखाना महाप्रबंधक विजय कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया।

## पीएम मोदी के जन्मदिवस पर कल, रोगियों को वितरित किये फल



मरीजों को फल वितरित करते हुए राणा प्रियंकर सिंह।

धामपुर ( चिंगारी )। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76 वें जन्म दिवस के अवसर पर 'सेवा ही संकल्प अभियान' के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जैतरा व दमयन्ती देवी नर्सिंग होम में भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी लेकर उनको फलों का वितरण किया। इस अवसर पर राणा प्रियंकर सिंह, निदेशक, उ.प्र. कोऑपरेटिव बैंक, लखनऊ, नीरज प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि, उज्वल चौहान, ब्लॉक प्रमुख, पीएचसी प्रभारी डॉ. अंकित अग्रवाल, डॉ. मनीष चौहान, डॉ. आदित्य अग्रवाल, वैभव सिंह, मण्डल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, नागेश्वर गहलौत, सतीश कुमार, राजवीर गहलौत आदि मौजूद रहे।

## विद्यालयों में मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

धामपुर ( चिंगारी )। स्थानीय लाला केदारनाथ बालिका विद्या मन्दिर में आयोजित श्री विश्वकर्मा जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या श्रीमती आभावती ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय की आचार्या रेनू, सरिता, अनीता, मीनाक्षी, पूर्णिमा, पारुल, प्रीति, अर्चना, प्रियंका, मेघना, विनीता, दीपिका, मधु, काजल ने विश्वकर्मा जी के चित्र के समक्ष पुष्पार्पित किये। उधर पुरुषोत्तम शर्मा भानु प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर में मां शारदा की वंदना के पश्चात विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य देवेंद्र शर्मा द्वारा विश्वकर्मा जयंती के विषय में बताया गया। आचार्य दीक्षा शर्मा ने बताया कि किस प्रकार से विश्वकर्मा जी द्वारा लंका का पुन: निर्माण कराया गया था। प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह ने बताया कि हमें ऐसे कार्यक्रमों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में परिवर्तन करना चाहिए।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर भाजयुमो ने आयोजित किया रक्तदान शिविर



रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को किया गया सम्मानित।

कोटद्वार ( चिंगारी )। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से राजकीय बेस हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 150 पंजीकृत लोगों में से 30 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर का आरंभ करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान कर हम किसी और का जीवन बचाते हैं। इसलिए स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री एवं कोटद्वार जिला प्रभारी डॉ. अजय उनियाल तथा भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शांता बमराड़ा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ट्रेन की चपेट में आकर घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत



मृतक का फाइल फोटो

धामपुर ( चिंगारी )। नहटौर रेलवे फाटक पर बुधवार को ट्रेन की चपेट में आकर घायल हुए एक व्यक्ति की उपचार के दौरान बिजनौर में मौत हो गई। मृतक के पास मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त योगेश पुत्र मल्लू सिंह निवासी ग्राम जैतरा के तौर पर हुई। बताया जाता है कि वह स्टेशन मार्ग स्थित एक रेस्टोरेंट में काम करता था जहां से 10 दिन पूर्व उसे हटा दिया गया था। जीआरपी को बुधवार दोपहर सूचना मिली थी कि धामपुर में नहटौर रेलवे फाटक पर एक व्यक्ति हरिद्वार की ओर जाने वाली एक मालगाड़ी की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया है। जीआरपी इंचार्ज कौशल किशोर ने बताया कि घायल के पास से मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान योगेश कुमार पुत्र मल्लू सिंह निवासी गांव जैतरा के तौर पर हुई। घायल योगेश को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, धामपुर में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने के कारण उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया गया था। शाम को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान 60 वर्षीय योगेश ने दम तोड़ दिया। अचानक हुई दुर्घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

## अजय मित्तल बने बड़ी मंडी रामलीला समिति के अध्यक्ष

धामपुर ( चिंगारी )। श्री रामलीला समिति बड़ी मंडी की एक बैठक फल चौक स्थित मंदिर श्री ठाकुरद्वारा बजरिया मै हुई। बैठक में मंदिर कमेटी के द्वारा सर्वसम्मति से श्री रामलीला समिति बड़ी मंडी का अध्यक्ष अजय मित्तल, महामंत्री सुमित माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष नवनीत धनोरिया को पुन: चुना गया। तीनों पदाधिकारियों ने बताया कि शीघ्र ही श्री रामलीला समिति की कार्यकारिणी का गठन करके रामलीला के प्रदर्शन की तैयारी शुरू कर दी जाएगी।

## राजेश कुमार ने विवि के कृषि संकाय में प्राप्त की प्रथम पीएच.डी उपाधि



शोधार्थी छात्र के साथ शिक्षक।

धामपुर ( चिंगारी )। महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली के कृषि संकाय के इतिहास में एक नया और महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया है। विश्वविद्यालय से संबद्ध आरएसएम (पी.जी.) कॉलेज, धामपुर के कृषि संकाय के मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग के शोधार्थी राजेश कुमार ने अपने शोध निर्देशक डॉ. रवि धनकड़ के निर्देशन में इवैल्यूएशन ऑफ सॉइल फिजिको-केमिकल प्रॉपर्टीज ऑफ डिस्ट्रिक्ट पीलीभीत (यू.पी.) विषय पर अपने शोध प्रबंध की मौखिक परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न की है। यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के इतिहास में पूर्ण होने वाली पहली पीएच.डी. उपाधि है। इस अवसर पर डॉ. रवि धनकड़ ने बताया कि यह शोध केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यावहारिक रूप से किसानों के लिए भी उपयोगी है। इस अध्ययन से कृषि अधिकारियों एवं किसानों को मृदा परीक्षण आधारित और क्षेत्र-विशिष्ट पोषक तत्व प्रबंधन की योजना तैयार करने के लिए एक मजबूत वैज्ञानिक आधार प्राप्त होगा।

# जाट समाज ने मृत्युभोज बंद करने को शुरू की मुहिम

## गांव कंभौर में हुई जाट समाज की बैठक


बैठक को संबोधित करते हुए नरेंद्र आचार्य

**बिजनौर (चिंगारी)।** गांव कंभौर में आयोजित जाट समाज की बैठक में सर्वसम्मति से मृत्युभोज की कुप्रथा को बंद करने का निर्णय लिया गया। ग्रामीणों ने मृत्युभोज पर विचार रखे तथा कहा कि दुःख की घड़ी में परिजनों पर मृत्युभोज जैसे कार्य से अतिरिक्त आर्थिक दबाव पड़ता है।

रालोद के पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह आचार्य ने कहा कि किसी भी व्यक्ति की मृत्यु होने पर परिवार के साथ पूरे समाज को जनहानि का सामना करना पड़ता है। दुःख की घड़ी में समाज को उसके परिवार के साथ खड़ा होने की जरूरत है। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए मृत्युभोज जैसी प्रथा को समाप्त करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाज के उत्थान के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य पर कार्य करने की जरूरत है। ग्राम प्रधान ओमवीर सिंह ने भी समाज से कुरीतियों को मिटाने पर जोर दिया। इस मौके पर सर्वसम्मति से मृत्युभोज बंद करने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने किसी भी व्यक्ति की मृत्यु पर शांति यज्ञ करने को कहा। पूर्व जिला अध्यक्ष रालोद नरेंद्र सिंह आचार्य, जयपाल सिंह, सूरजभान सिंह, रोहतास सिंह, महिपाल सिंह, कुलवीर सिंह, विजेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह पूर्व प्रधान, लोकेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान ओमवीर सिंह, राजेंद्र सिंह, सुरेंद्र चौधरी, कल्याण सेठ जी, अकेन्दर सिंह, शिवम राणा, नितिन कुमार, नीटू मास्टर साहब, जिले राम सिंह, हेमेंद्र सिंह, टीकम सिंह, मुकेश कुमार, नरेंद्र राठी, अमर सिंह, सुदेशचंद्र गौड़ व महेन्द्र सिंह पाल पूर्व प्रधान, अनिल चौधरी, जोगिंदर सिंह, अमित कुमार, जगत यादव आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।




# उचित पोषण के लिये जागरूक किया




**बिजनौर (चिंगारी)।** रेडियो संदेश बिजनौर 89.6 (प्रवर्तक कुंवर सत्यवीरा इंजीनियरिंग कॉलेज) ने स्मार्ट एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में पोषण माह के तहत ग्राम सदुपुरा के ग्राम पंचायत सचिवालय पर ग्रामीणों को इकट्ठा कर ग्राम प्रधान अमित कुमार के नेतृत्व में शरीर के लिए उचित पोषण, संतुलित आहार, हरी सब्जियां, विटामिन्स युक्त भोजन किस प्रकार प्राप्त किया जाए और किस प्रकार उसका उपयोग कर अपने स्वास्थ्य को अच्छा रखा जा सके, यह सब रेडियो टीम सदस्य श्यामल मंडल ने बताया। साथ ही ये भी बताया कि बच्चे जो जंक फूड अधिक खा रहे हैं, उसके अनेक नुकसान हैं। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री कविता सैनी, सहायिका मेहनाज, ग्राम प्रधान अमित कुमार एवं अनेक ग्रामीण बबलू, मोहन सैनी, मामराज सिंह आदि उपस्थित रहे। रेडियो स्टेशन हेड सुनील भारद्वाज, सारिका चौधरी, डॉ. शबनम, श्यामल मंडल आदि उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर कल, भाजपा कार्यकर्ताओं ने मरीजों को वितरित किए फल



**नगीना (चिंगारी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना में मरीजों को फल वितरित किए। इस दौरान मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। बृहस्पतिवार की सुबह भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के दीर्घायु होने की कामना करते हुए अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल वितरण किए। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीरज बिश्नोई, पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, अजीत अग्रवाल, चंद्रशेखर पाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवशंकर सक्सेना, सौरभ मित्तल, मंडल महामंत्री पंडित सचिन शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष अरुण शर्मा, लवी मित्तल, सोहन सैनी, कुलदीप त्यागी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर विशाल दिवाकर एवं स्टाफ ने भी फल वितरण में सहयोग किया।

# गणेश उत्सव में उमड़ रहे श्रद्धालु, भक्ति में झूम रहे भक्त



**नगीना (चिंगारी)।** श्री गणेश मित्र मंडल की ओर से आयोजित दस दिवसीय श्री गणेश उत्सव में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना कर रहे हैं। सुबह-शाम होने वाली आरती में श्रद्धालु उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। मोहल्ला मुगलान में हो रहे गणेश उत्सव के दौरान श्रद्धालु भक्ति में सराबोर होकर गुलाल उड़ाते हुए नृत्य करते हैं और भजनों पर जमकर झूमते हैं। गणपति बप्पा के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। श्रद्धालु भगवान श्री गणेश का ध्यान कर परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। कार्यक्रम में शीतल अग्रवाल, समीर बेरी, राजकुमार अग्रवाल, मोहित गर्ग, मयंक अग्रवाल, उधिश बेरी, मुकुल गुप्ता, संस्कार अग्रवाल, शिवम बंसल, अनमोल, ममता अग्रवाल, तनु बेरी, पूजा अग्रवाल, स्वाति गुप्ता, स्वाति अग्रवाल, उमंग बेरी, संस्कृति अग्रवाल, मीता अग्रवाल, मंशिका गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# गुरुद्वारे में श्रद्धापूर्वक मनाया गया संग्राद पर्व



**धामपुर (चिंगारी)।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में प्राचीन एवं ऐतिहासिक संग्राद पर्व विभिन्न कार्यक्रमों के रूप में श्रद्धापूर्वक आयोजित किया गया। इस मौके पर गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट ने गुरबाणी विचारों के माध्यम से बताया कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर द्वारा जारी नानकशाही कैलेंडर के अनुसार गुरवार से गुरमुख परिवारों का आषाढ़ महीना भी प्रारंभ हो गया है। कार्यक्रम को सफलता दिलाने में उत्तर प्रदेश सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार गुरुशरण सिंह मोहन, सरदार हरपाल सिंह चावला, सरदार जोगिंदर पाल सिंह मेहंदीरत्ता, सरदार राजेंद्र सिंह चावला, सरदार कुलदीप सिंह मोगा, सरदार त्रिलोचन सिंह चावला, रविंद्र सिंह सीडाना, सुरेंद्र सिंह हुड्डा, सरदार तनप्रीत सिंह मोगा, डॉक्टर अमरजीत सिंह चावला आदि उपस्थित रहे।

# देशभर में धूमधाम से मनाया गया मोदी का जन्मदिन

## दीयों की रोशनी से जगमग हुई जन्मस्थली वडनगर, कर्मभूमि काशी



**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर गुरुवार को देश भर में जगह-जगह विशेष कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस मौके पर उनकी जन्मस्थली वडनगर (गुजरात) से लेकर उनकी कर्मभूमि वाराणसी तक में उत्सव का वातावरण था। इस उपलक्ष्य में शाम को देश में जगह-जगह आशीर्वाद दीये जलाये गये।

देश-विदेश के नेताओं ने श्री मोदी को जन्मदिन की बधाई दी। मोदी के बहुत से प्रशंसकों, शुभचिंतकों और सहयोगियों ने प्रधानमंत्री श्री मोदी और देश की मंगलकामना के साथ मंदिरों और धर्मस्थलों पर पूजा-प्रार्थना की। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने वाराणसी के जगत प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर में भगवान शिव की पूजा की।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सेवा दिवस के रूप में मनाया। पार्टी आज से एक महीने तक देशभर में सेवा संकल्प अभियान चला रही है। इस कार्यक्रम के तहत कई आयोजन किये जा रहे हैं। पार्टी इस दौरान दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा भी चला रही है।

भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों की सरकारों ने भी श्री मोदी के जन्मदिन को भव्य तरीके से मनाने तथा एक महीने तक विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की है।

भाजपा ने श्री मोदी के जन्मदिन के मौके पर लोगों से घरों में आशीर्वाद का दीया जलाने की अपील की थी।

मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में राजधानी में कर्तव्यपथ और ऐतिहासिक लालकिले पर दीयों की रोशनी की गयी। कर्तव्यपथ करीब एक लाख दीयों की रोशनी से नहाया हुआ था। दिल्ली सहित देश के विभिन्न इलाकों में रक्तदान और दिव्यांगजनों की सहायता के लिए विभिन्न प्रकार के सामान और सामग्री का वितरण किया गया।



पीएम मोदी के जन्मदिवस पर प्रसाद वितरण करते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह एवं सीएम योगी।

मध्य प्रदेश में सबसे बड़ा आयोजन उज्जैन में हुआ, जहां झिप्रा नदी के घाटों और महाकाल लोक में 25 लाख दीप जलाये गये। उज्जैन नगर में मकानों-दुकानों में लोगों ने लाखों दीपक जलाकर श्री मोदी का जन्मदिन मनाया।

उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यमुना घाट पर श्री मोदी के नाम से पहली पूजा और आरती कराई। बिहार में पटना के मरीन ड्राइव पर ही ढाई से करीब तीन लाख से ज्यादा दीये जलाये गये। छत्तीसगढ़, हरियाणा और पश्चिम बंगाल में भी जगह-जगह दीपावली जैसी रोशनी की गयी थी।

गृहमंत्री अमित शाह ने आज श्री मोदी के गृहनगर गुजरात के वडनगर और वाराणसी तक बाइक यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंध (राजग) शासित राज्यों की सरकारों ने भी श्री मोदी के जन्मदिन को विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, श्री शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तथा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी सहित देश और दुनिया के तमाम नेताओं ने श्री मोदी को जन्मदिन की बधाई दी है। श्रीमती मुर्मु ने श्री मोदी को शुभकामना देते हुए एक्स पर लिखा, पिछले 25 सालों में, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान आपने सुशासन के कई नये पैमाने स्थापित किए हैं और सबको साथ लेकर चलने वाले विकास को अभूतपूर्व गति और नयी दिशा दी है। सांस्कृतिक गौरव की भावना के साथ आधुनिक तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ते हुए हमारे देशवासी विरासत और विकास के बीच तालमेल को महसूस कर रहे हैं। मैं ईश्वर से आपकी अच्छी सेहत और लंबी उम्र की प्रार्थना करती हूं, ताकि आप जनसेवा और राष्ट्र-निर्माण के अपने अभियान को लगातार आगे बढ़ाते रहें।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर 75 हजार दीपों से जगमगाया बिजनौर





गंगा बैराज पर आम लोगों के साथ दीया जलाते हुए जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर। बैराज पर गंगा आरती करते हुए अधिकारी व वरिष्ठ भाजपा नेता।

## गंगा बैराज पर 10 हजार दीप प्रज्वलित कर हुआ गंगा पूजन व आरती

## जिले के 26 अन्य स्थलों पर भी जले 2,500-2,500 दीप

**बिजनौर ( चिंगारी )।** संकल्प सेवा अभियान के तहत गुरुवार को जनपद में जनसहभागिता के साथ 75 हजार आशीर्वाद के दीप प्रज्वलित किए गए। जिले के विभिन्न निर्धारित स्थलों पर आयोजित कार्यक्रमों में आमजन, प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों ने सहभागिता करते हुए दीप जलाए।

गंगा बैराज पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिलाधिकारी जसजीत कौर, भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुभाष वाल्मीकि, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह समेत प्रशासनिक अधिकारी, पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। यहां 10 हजार दीप प्रज्वलित किए गए, जिससे गंगा बैराज दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। कार्यक्रम के दौरान विधिवत गंगा पूजन और गंगा आरती भी हुई, जिसमें उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जनपद के अन्य 26 निर्धारित स्थलों पर भी जनसहभागिता के साथ 2,500-2,500 दीप प्रज्वलित किए गए। इस तरह जिलेभर में कुल 75 हजार दीप जलाकर सेवा, सद्भावना और जनभागीदारी का संदेश दिया गया।

### बुजुर्गों ने दिया आशीर्वाद, बच्चों ने दी शुभकामनाएं

17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बुजुर्गों ने उन्हें अपना आशीर्वाद दिया। वहीं बच्चों और युवाओं ने शुभकामनाएं देते हुए उनके दीर्घायु, स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### 17 अक्टूबर तक चलेगा संकल्प सेवा अभियान

संकल्प सेवा अभियान आगामी 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत जिले में विभिन्न सेवा एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन जनसहभागिता के साथ किया जाएगा। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को सेवा और सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हुए सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने दीप प्रज्वलित कर सेवा और जनकल्याण की भावना के साथ अभियान में सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया।

## राजपूताना रिसोर्ट में धूमधाम से मनाया गया पीएम मोदी का जन्मदिन



**धामपुर ( चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76 वें जन्मदिन के अवसर पर शेरकोट मार्ग स्थित राजपूताना रिसोर्ट में आयोजित कार्यक्रम में एवं भाजपा नेता डॉ. बीके सिंह ने केक काटकर पीएम नरेंद्र मोदी के दीर्घायु जीवन एवं यशस्वी नेतृत्व की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष के राजनीतिक सफर ने जहां भारत में विकास के नये आयाम स्थापित किए हैं, वहीं आज भारत ने दुनिया में एक मुकाम हासिल किया है। उधर, डॉक्टर बीके सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने गुरुवार की शाम बढ़ापुर के रामलीला मैदान में दीप प्रज्वलन करके प्रधानमंत्री के दीर्घायु होने की कामना की और मुन्नी देवी मंदिर में केक काटकर खुशी मनाई। राजपूताना रिसोर्ट में हुए कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा पश्चिमी क्षेत्र राजीव सिसोदिया, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री एवं प्राचार्या प्रोफेसर रश्मि शर्मा रावल, पूर्व जिला अध्यक्ष महेंद्र धनौरिया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, भूपेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर जलाए आशीर्वाद के दीये, मनाया दीपोत्सव



**नगीना ( चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा नेता एडवोकेट रोहित कुमार रवि के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को दीप जलाकर 'आशीर्वाद का दीया' नाम से दीपोत्सव मनाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने प्रधानमंत्री की लंबी उम्र एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। भाजपा नेता रोहित कुमार रवि ने बताया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर पूरे देश के साथ नगीना में भी विभिन्न स्थानों पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शनाया सिंह, निधि सिंह, अधीक्षित सिंह, अमन कुमार, चंद्रसेन सिंह, अमूल नंदा सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## आशीर्वाद के दीये जलाये

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर मंदिरों, सार्वजनिक स्थलों, निजी कार्यालयों, अपने आवासों पर दीप जलाये। पार्टी के नांगल मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नांगल, पूंडरी खुर्द, पूंडरी कलां, चंदोक, सुंगरपुर बेहड़ा, तिसोतरा, गौसपुर, लालपुर, जालपुर, सिकरोडा, हरचंदपुर, रायपुर खास आदि गांवों में आशीर्वाद के दीये जलाये। दीप जलाने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने केक काटकर प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया। मंडल अध्यक्ष डा. भूपेन्द्र राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश लगातार विकास कर रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं के लिये यह अवसर उत्सव के साथ-साथ सेवा और संकल्प का भी है। कार्यकर्ता उनके उत्तम स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना करते हैं।



## पीएम मोदी का जन्मदिन मनाया, रेलवे स्टेशन दीपों से जगमगाया



**हल्दौर ( चिंगारी )।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर रेलवे स्टेशन सहित सरकारी दफ्तरों को दीये जलाकर जगमगाया गया। नगर पालिका प्रशासन द्वारा रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर करीब 1100 दीये जलाए गए। कार्यक्रम में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक ओम कुमार द्वारा आशीर्वाद का दीया जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस मौके पर विधायक ओम कुमार व उपस्थित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री की दीर्घायु की कामना करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और उनके राष्ट्र सेवा के 25 साल की सराहना की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती विमला देवी, अधिशासी अधिकारी श्रीमती सीमा वर्मा, चेयरपर्सन पति दीपक सैनी, नोडल अधिकारी, पालिकाकर्मी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष अतुल मारवाड़ी, मंडल अध्यक्ष पीयूष राजपूत, अनिल सिंह, दर्पण रावल, ठा. संजीव कुमार बैस, ठा. वरुण प्रताप सिंह उर्फ हनी, एलडीबी बैंक के चेयरमैन राकेश कुमार, राजकुमार, नरेंद्र सिंह, नरेश कुमार प्रधान आदि उपस्थित रहे। इसके अलावा ब्लॉक कार्यालय व गन्ना समिति कार्यालय पर भी आशीर्वाद का दीया जलाया गया।

# 1051 दीपों से जगमगाया संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर

## विधायक सुशांत सिंह ने मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन

**रायपुर सादात ( चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर नगीना देहात क्षेत्र के गांव टांडा माईदास स्थित संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुशांत सिंह ने पहुंचकर दीपक प्रज्वलित किए। सुशांत सिंह का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया । दीपों की रोशनी से पूरा मंदिर परिसर जगमगा उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया।

विधायक सुशांत सिंह ने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके बाद 1051 दीपक जलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, श्रद्धालु और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



विधायक सुशांत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के बताए मार्ग पर चलने और समाज में आपसी भाईचारा, समानता एवं सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया।

इस कार्यक्रम के आयोजक विधायक प्रतिनिधि दीपक चौधरी, संत शिरोमणि गुरु रविदास कमेटी प्रबंधक सुमेर सिंह उर्फ राणा, कमेटी के डॉ. सुशील कुमार उर्फ (पीकू), रविंद्र डीलर, करण डीलर, पत्रकार सूर्यवंशी दिलेराम आदि रहे।

इस मौके पर उपजिलाधिकारी प्रिंस कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि दीपक चौधरी, संत शिरोमणि रविदास कमेटी प्रबंधक सुमेर सिंह (उर्फ ) राणा जी, कुंवर गिरिराज ( उर्फ) बिट्टू भाई, कुंवर नीरज, कुंवर प्रशांत कुमार, डॉ. सुशील कुमार (उर्फ )पिंकू रविंद्र डीलर, उदेन कुमार आदि मौजूद रहे।

> **कार्यक्रम के दौरान बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के कुंवर सुशांत सिंह ने जनता की समस्या सुनी और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। विधायक सुशांत ने कहा दलित समाज से अपने वादों को पूरा करते हुए संत रविदास मंदिर को पर्यटक विभाग द्वारा एक करोड़ रुपए के होने वाले विकास कार्य से संत रविदास मंदिर के सौंदर्यकरण पूर्ण होने से क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और लोगों के जीवन में सुधार आएगा।**

## मोहम्मदपुर देवमल में 17 शक्ति केंद्रों व 90 बूथों पर जगमगाये 'आशीर्वाद के दीये'



**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर बिजनौर विधानसभा के भाजपा मंडल मोहम्मदपुर देवमल में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम श्रद्धा, उत्साह एवं भव्यता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत मोहम्मदपुर देवमल के सभी 17 शक्ति केंद्रों एवं 90 बूथों पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा दीप प्रज्वलित किए गए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उनके प्रति स्नेह, सम्मान एवं शुभकामनाएं व्यक्त कीं। इसी क्रम में महात्मा विदुर मेडिकल कॉलेज, स्वाहेड़ी, कण्व ऋषि आश्रम, ब्रह्मपुरी-रावली तथा भगीरथी गंगा बैराज के तट पर भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्र हुए और दीप प्रज्वलित कर 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम में सहभागिता की। इन स्थानों पर दीपों की रोशनी से वातावरण भक्तिभाव एवं उत्साह से सराबोर दिखाई दिया। इस अवसर पर भाजपा मंडल मोहम्मदपुर देवमल के मंडल अध्यक्ष दीपक कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले मंडल के सभी पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र प्रभारियों, शक्ति केंद्र संयोजकों, बूथ प्रभारियों, बूथ अध्यक्षों एवं समस्त कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। मंडल अध्यक्ष दीपक कुमार ने कहा कि बिजनौर विधानसभा के मंडल मोहम्मदपुर देवमल के प्रत्येक शक्ति केंद्र एवं बूथ पर जिस उत्साह, अनुशासन और कर्मठता के साथ कार्यकर्ताओं ने 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम को सफल बनाया, वह संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, समर्पण और एकजुटता का परिचायक है।



## दीपक गर्ग ने बच्चों के बीच मनाया पीएम मोदी का जन्मदिन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर वार्ड नंबर-18 में बच्चों के साथ विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को टोपी, चॉकलेट, फल और उपहार वितरित किए गए। कार्यक्रम में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दीपक गर्ग 'मोनू' मुख्य रूप से शामिल रहे। उन्होंने बच्चों के साथ समय बिताया और उन्हें उपहार वितरित किए। दीपक गर्ग 'मोनू' ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन सेवा और जनसरोकार से जोड़कर मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष गार्गी अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ खुशियां साझा करना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रहा। कार्यक्रम में अमृत चौधरी, अनीता रानी, संजय, रुचिका, दिलशाद, परवीन, राखी, धन्वंतरी देवी और बेबी रानी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# यातायात पुलिस ने मैकेनिकों को दिया नोटिस, मोडिफाईड साइलेंसर बनाने की न करें कोशिश

**बिजनौर (चिंगारी)।** वाहनों से निकलने वाली तेज और धमाके जैसी आवाज पर यातायात पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने और वाहन चालकों के साथ ही आम लोगों को तेज आवाज से होने वाली परेशानी से राहत दिलाने के लिए मोडिफाईड साइलेंसर के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत यातायात पुलिस ने मैकेनिकों और मोटर पार्ट्स विक्रेताओं को नोटिस देकर साइलेंसर मोडिफाइड न करने की हिदायत दी।



मोडिफाईड साइलेंसर के जरिए वाहनों के मूल साइलेंसर में बदलाव कर तेज आवाज निकाली जाती है। खासकर दोपहिया वाहनों में ऐसे साइलेंसर का इस्तेमाल अधिक देखने को मिलता है। तेज आवाज से सड़क पर चल रहे दूसरे वाहन चालकों का ध्यान भटकने के साथ ही राहगीरों और आसपास रहने वाले लोगों को भी परेशानी होती है। अस्पताल, विद्यालय और आवासीय क्षेत्रों में इसका असर अधिक होता है। यातायात प्रभारी रवि नैन ने बताया कि यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर मोडिफाईड साइलेंसर बेचने वाले दुकानदारों को नोटिस जारी किए हैं। दुकानदारों को ऐसे साइलेंसर की बिक्री और वाहनों में उनकी फिटिंग नहीं करने की हिदायत दी गई है। वाहन निर्माता द्वारा निर्धारित और मानक के अनुरूप साइलेंसर व उपकरणों की ही बिक्री और फिटिंग करने के निर्देश दिये गये हैं।




# दहेज हत्या में पति को आजीवन कारावास, सास-ससुर को दो-दो साल की सज़ा

**बिजनौर (चिंगारी)।** प्रथम फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश कमल दीप ने दहेज के लिए पत्नी की हत्या करने के मामले में पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने मृतका के सास-ससुर को भी दो-दो वर्ष के कारावास से दंडित किया है।



सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मुकुल राठौर के अनुसार, महेंद्रपाल सिंह ने थाना धामपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उन्होंने अपनी पुत्री चित्रा का विवाह 26 नवंबर 2023 को धामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कागपुर निवासी संदीप कुमार पुत्र बृजपाल सिंह के साथ किया था। विवाह में उन्होंने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज दिया था। शादी के बाद ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर चित्रा को परेशान करते थे। रिपोर्ट के अनुसार, 13 अगस्त 2024 को संदीप का मौसेरा भाई बताते हुए एक व्यक्ति ने फोन कर सूचना दी कि चित्रा की करंट लगने से मौत हो गई है। महेंद्रपाल सिंह जब पुत्री की ससुराल पहुंचे तो उन्होंने उसके शरीर पर चोट के निशान देखे। शरीर खून से लथपथ था। इसके बाद उन्होंने पुलिस को घटना की सूचना देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की विवेचना के बाद चित्रा की दहेज के लिए हत्या किए जाने के आरोप में उसके पति संदीप कुमार, सास प्रमोद देवी और ससुर बृजपाल सिंह के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।

मामले की सुनवाई के दौरान प्रथम फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश कमल दीप ने दहेज हत्या का अपराध सिद्ध होने पर पति संदीप कुमार को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (1) के तहत आजीवन कारावास और 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। धारा 85 के तहत दो वर्ष का कारावास और दो हजार रुपये अर्थदंड तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4 के तहत भी दो वर्ष का कारावास और दो हजार रुपये अर्थदंड लगाया गया। वहीं ससुर बृजपाल सिंह और सास प्रमोद देवी को भारतीय न्याय संहिता की धारा 85 के तहत दो-दो वर्ष के कारावास और दो-दो हजार रुपये अर्थदंड तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4 के तहत भी दो-दो वर्ष के कारावास और दो-दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

# चिंगारी की ख़बरों का असर पुल पर पड़ने लगा डामर

**स्योहारा (चिंगारी)।** रामगंगा पर बने पुल की खस्ता हालत से अपरिचित अधिकारियों का ध्यान चिंगारी डिजिटल ने पुल पर केंद्रित कराया, जिसके बाद आलाधिकारियों ने पुल पर सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया। कई महीनों से रामगंगा पुल की एक साइड खराब थी, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। जान का जोखिम उठाकर लोग यात्रा करने को मजबूर थे। चिंगारी समाचार पत्र में खबर प्रकाशित हुई और चिंगारी डिजिटल के पत्रकार ने मामले को मजबूती से उठाया, तब अधिकारियों का ध्यान पुल की ओर गया। आलाधिकारियों ने पुल की जांच की और निर्माण कार्य शुरू कराया। अब तक पुल पर आरसीसी रोड का निर्माण था, जिससे सड़क में दरार आ रही थे। अधिकारियों ने आरसीसी हटाकर डामर रोड का निर्माण शुरू किया है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।



# विश्वकर्मा जयंती पर विधि-विधान से हुआ पूजन

**नगीना (चिंगारी)।** विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर बृहस्पतिवार को आजाद कॉलोनी स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में भगवान विश्वकर्मा का विधि-विधान से पूजन किया गया। पूजा-अर्चना डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद धीमान ने संपन्न कराई। मुख्य यजमान धीमान ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष अनिल कुमार एडवोकेट रहे। इस अवसर पर रामोतार ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को प्रथम वैज्ञानिक और महान शिल्पकार माना जाता है। अशोक ने भगवान विश्वकर्मा के स्वरूप एवं उनके निर्माण कार्यों का वर्णन करते हुए कहा कि सतयुग में सतलोक, द्वापर में भगवान कृष्ण की द्वारिका तथा त्रेतायुग में रावण की लंका के निर्माण से उनका नाम जुड़ा है। पूजन के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान विश्वकर्मा से सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर हिरदेव, सोनू, प्रमोद शर्मा, दिनेश कुमार अध्यापक, अरुण कुमार, क्षेत्रदेव शर्मा, कृष्णदयाल धीमान, सतीश विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।



# सड़क पर मिला 50 हजार रुपये का चेक, हेड कांस्टेबल ने बैंक से खाताधारक को खोजकर लौटाया

**नगीना (चिंगारी)।** पुलिस को लेकर लोगों के मन में भले ही तरह-तरह की धारणाएं हों, लेकिन आज भी पुलिस विभाग में ऐसे कर्मी मौजूद हैं, जो ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश कर रहे हैं। ऐसा ही उदाहरण बृहस्पतिवार को नगीना में देखने को मिला, जब एक हेड कांस्टेबल ने सड़क पर गिरे 50 हजार रुपये के चेक को खाता धारक को लौटा दिया।

गांधी मूर्ति के पास नगीना थाने में तैनात हेड कांस्टेबल सनी तोमर को सड़क पर एक चेक पड़ा मिला। चेक पर सुनील कुमार के नाम से 50 हजार रुपये की धनराशि भरी हुई थी। चेक को देखकर सनी तोमर ने उसे अपने पास रखने के बजाय उसके वास्तविक खाताधारक तक पहुंचाने का प्रयास शुरू किया। हेड कांस्टेबल ने बैंक की शाखा में संपर्क कर चेक से संबंधित खाताधारक की जानकारी जुटाई। इसके बाद खाताधारक नगर के मोहल्ला काजी सराय निवासी मेहरबान से संपर्क कर उसे चेक सड़क पर गिरने की जानकारी दी और चेक वापस लौटा दिया। चेक वापस मिलने पर मेहरबान ने पुलिसकर्मी सनी तोमर की ईमानदारी की जमकर प्रशंसा की। लोगों का कहना है कि यदि यही चेक किसी गलत व्यक्ति के हाथ लग जाता तो उसका दुरुपयोग भी हो सकता था।



# विश्वकर्मा जयंती पर मेधावियों को सम्मानित किया




**नहटौर (चिंगारी)।** श्री विश्वकर्मा जयंती पर हवन पूजन के साथ प्रतिभा सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

धीमान विश्वकर्मा सेवा समिति के तत्वावधान में भगवान विश्वकर्मा जी की प्रतिमा के समक्ष हवन आयोजित किया गया। यज्ञ हवन में भाजपा विधायक ओम कुमार सहित अनेक श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूर्णाहुति देकर सुख-शांति समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम मुख्य अतिथि रोहिताशदत्त शर्मा सेवानिर्मित उपनिरीक्षक उत्तर प्रदेश पुलिस ने भगवान विश्वकर्मा के स्वरूप को लेकर चर्चा की उनके बताए आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। निपेंद्र कुमार धीमान द्वारा नाटिका प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में विश्वकर्मा समाज के उच्च शिक्षा में समीक्षा शर्मा, प्रदीप, अमित, इशिका, पीयूष, नैतिक, भारती शर्मा, कक्षा 12 में सारिका, स्वर्णिका, अविका, प्रेम प्रकाश, अंशिका शर्मा, नीति देवगन, मनु शर्मा, गुंजन शर्मा, कक्षा 10 में इच्छा शर्मा, रिशांत शर्मा, इशांत शर्मा, निशांत शर्मा, दिवाकर, मुकुल आदि छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मेजर चरण शर्मा, कार्यक्रम के समिति के अध्यक्ष सुदेश विश्वकर्मा, रमेशचंद शर्मा शास्त्री, शिवप्रसाद शर्मा, खगेश विश्वकर्मा, प्रदीप कुमार शर्मा, मनोज कुमार, प्रेम कुमार, डॉ. राधेश्याम विश्वकर्मा, सुनील कुमार सोनू, शरद कुमार, प्रीतम विश्वकर्मा, गजेंद्र कुमार, निशांत शर्मा, सुरेंद्र कुमार शर्मा, रविंद्र कुमार शर्मा, नमित कुमार, जागेश धीमान, प्रताप शर्मा, मूलचंद शर्मा, डॉ. विवेक रस्तोगी, आनंद शर्मा, रजनीश शर्मा, अरविंद शर्मा, कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवदत्त शर्मा व संचालन के केशव शरण शर्मा ने किया।

## शिव मंदिर में हुआ हवन-यज्ञ

**नहटौर (चिंगारी)।** भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर नहटौर नगर स्थित पूर्वी चौधरियान शिव मंदिर में समिति द्वारा यज्ञ हवन का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में आशु कौशिक, अरविंद शर्मा, अशोक त्यागी, लवली त्यागी, रजनीश शर्मा, सुनील वर्मा, सोनू शर्मा, अमित अग्रवाल, सौरभ त्यागी, रजत कौशिक आदि ने विश्वकर्मा जयंती पर यज्ञ हवन में पूर्ण आहुति देकर अपने परिवारों की सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं रामा विष्णु सरस्वती शिशु मंदिर में यज्ञ हवन पूर्ण आहुति देकर अपने परिवारों की सुख समृद्धि की कामना की। प्रधानाचार्य मनोज कुमार शर्मा द्वारा भगवान विश्वकर्मा के बारे में उनके जीवन परिचय में विस्तार से प्रकाश डाला।



पीएम मोदी के जन्मदिन पर दीया जलाते हुये भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र बॉबी।

# मोदी का जन्मदिन मनाया आशीर्वाद का दीया जलाया



रेलवे स्टेशन पर दीप प्रज्वलित करते हुए भाजपा विधायक व अन्य नेता।

**धामपुर (चिंगारी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस पर धामपुर में दीये जलाकर उनके दीर्घायु होने की कामना की गई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूर्ण होने पर धामपुर में शहीद ए आजम भगत सिंह चौक, अमृत भारत रेलवे स्टेशन धामपुर, रोडवेज बस स्टैंड धामपुर, अल्हैपुर ब्लॉक धामपुर में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम में धामपुर के भाजपा विधायक अशोक राणा, भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रवि कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रशासक श्रीमती क्षमा हेमलता चौहान, नीरज प्रताप सिंह, राजीव सिसोदिया, नगर अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, सुभाष चौहान, दयाशंकर सैनी, नागेश्वर दयाल गहलोत, महेंद्र धनौरिया, पालिका सभासद संतोष राजपूत ने दीये जलाकर प्रधानमंत्री जी के यशस्वी जीवन की कामना की।

# धूमधाम से मनाया विश्वकर्मा पूजन दिवस

**बिजनौर (चिंगारी)।** श्री विश्वकर्मा मंदिर आश्रम समिति बिजनौर के तत्वावधान में बृहस्पतिवार को भगवान विश्वकर्मा का पूजन दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मंदिर समिति ने सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा जी के मंदिर में पूजा अर्चना की गई।



अध्यक्षता रमेशचंद शास्त्री नई बस्ती वालों ने की तथा खगेश कुमार शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, और के.के. धीमान आदि सभी मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इसके पश्चात विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि अपर ट्रांसपोर्ट आयुक्त डॉ. राजकुमार विश्वकर्मा ने प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया। वक्ताओं ने विश्वकर्मा समाज के लोगों से संगठित होकर समाज की प्रगति के लिए कार्य करने और नई पीढ़ी को शिक्षा एवं संस्कारों से जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के बिजनौर विधानसभा क्षेत्र के आशुतोष विश्वकर्मा, नरेंद्र कुमार शर्मा, देवेश कुमार शर्मा, हितेश कुमार शर्मा, विवेक यूनिवर्सिटी के कुलसचिव हितेश कुमार विश्वकर्मा सहित अन्य अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए।

# पुलिस मुठभेड़ में भैंस चोरी के तीन आरोपी गिरफ्तार, एक सिपाही घायल

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** बीती रात मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने भैंस चोरी के तीन आरोपी दबोच लिए। इस मुठभेड़ में जहां एक सिपाही घायल हुआ, वहीं दो अभियुक्त भी पैर में गोली लगने से लहूलुहान हो गए। नगर के मोहल्ला बेगम सराय निवासी इकराम कुरैशी (प्रॉपर्टी डीलर) के धामपुर रोड स्थित घेर से 14 सितंबर की रात्रि अज्ञात चोर गेट का ताला तोड़कर दो भैंस चुराकर ले गए थे। कोतवाल मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि इस सम्बंध में मुकदमा दर्ज कर घटना के खुलासे के प्रयास शुरु किए गए। एएसपी (पूर्वी) अमित कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक गुरुवार को संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चैकिंग के दौरान अफजलगढ़-हरेवली मार्ग पर बिरला फार्म के पास पुलिस टीम ने आ रही एक पिकअप गाड़ी को रोकने का इशारा किया, मगर इशारे को नजरअंदाज करते हुए गाड़ी तेज दौड़ पड़ी, जिसके बाद पुलिस के पीछा करने से कुछ दूर जाकर गाड़ी एक पेड़ से जा टकराई जिसमें दो भैंसे लदी थी। गाड़ी में सवार तीन युवक पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने लगे, जवाबी कार्यवाही में पुलिस ने भी फायरिंग की। इस मुठभेड़ में जहां मोहित नामक एक सिपाही घायल हुआ, वहीं साकिब पुत्र रईस निवासी सती, रुड़की, थाना सिविल लाइन जिला हरिद्वार एवं इरशाद पुत्र रशीद निवासी ग्राम नयागांव थाना कांठ के पैर में गोली लगने से दोनों लहूलुहान होकर गिर पड़े, जबकि पुलिस ने भागने का प्रयास कर रहे उनके तीसरे साथी शहजाद पुत्र शौकत निवासी बंदा रोड रुड़की थाना सिविल लाइन, जिला हरिद्वार को भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों के पास से चोरी हुई दोनों भैंसे एवं घटना में प्रयुक्त पिकअप गाड़ी सहित दो अवैध देशी तमंचे, चार जिंदा व दो खोखा कारतूस भी बरामद हुए हैं। घायलों का सीएचसी अफजलगढ़ में उपचार कराया गया। सीओ आलोक कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों ने भैंसे चोरी करना कुबूल किया है जिनका चालान किया जा रहा है।



दो अभियुक्तों के पैरों में गोली लगी

# विनम्रता एवं मन की कोमलता का नाम है मार्दव : पीयूष शास्त्री



## जैन मंदिर में मनाया गया उत्तम मार्दव पर्व

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला गुजरातियान स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर तथा श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर मे चल रहे 10 दिवसीय दशलक्षण पर्व के दूसरे दिन मध्य प्रदेश से पधारे पीयूष जैन शास्त्री ने उत्तम मार्दव धर्म पर चर्चा करते हुए बताया कि मार्दव का अर्थ कोमलता और नम्रता है। मन, वचन और शरीर की कठोरता या घमंड को छोड़कर कोमलता व विनम्रता अपनाना, अहंकार का त्याग करना और धन, बल, रूप, जाति, पद या ज्ञान का अभिमान न करना ही उत्तम मार्दव धर्म है। इस अवसर पर दोनों जैन मंदिरों में पूर्ण विधि-विधान के साथ पूजन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा वेदियों पर विराजमान तीर्थंकरों का अभिषेक किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत उदित राज म्यूजिकल ग्रुप नजीबाबाद तथा मध्य प्रदेश से पधारे शास्त्री जी के निर्देशन में आरती भक्ति प्रवचन प्रश्न मंच व सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए गए। कार्यक्रमों की सफलता में अनिल कुमार जैन, सुभाष चंद्र जैन, अरुण कुमार जैन, अमित कुमार जैन, दीपेश जैन, पुन्नू जैन, पंकज जैन, ऋषभ जैन संजीव जैन, दीपक, शुभम जैन, अतिश्य जैन,निखिल जैन, आलोक जैन दीपक जैन विजय जैन, सुधाकर जैन, दिवाकर जैन, अनिल जैन, विकास जैन, अवधेश जैन नमन जैन अभिषेक जैन अमन जैन, प्रगति जैन, ऋद्धा जैन, चारु जैन, सीमा जैन, गीता जैन आरती जैन, पूजा जैन अंकिता जैन, रेखा जैन ,ममता जैन का सराहनीय योगदान बना हुआ है। पर्व के दौरान मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है।

# चेयरमैन ने शहीद तिराहे पर मनाया मोदी का जन्मदिन

**नूरपुर ( नूरपुर )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 76वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। बृहस्पतिवार की शाम आशीर्वाद का दीया, कार्यक्रम के तहत शहीद तिराहे पर आयोजित कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष डॉ महेन्द्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री की दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष डॉ एमपी सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करते हुए विश्व पटल पर भारत का मान बढ़ाया है। प्रधानमंत्री ने अपने कार्यकाल मे सुशासन के अनेक नए प्रतिमान स्थापित किए हैं देश उनके नेतृत्व में विकास के पथ पर चलकर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष डॉ महेन्द्र प्रताप सिंह, डीसीएफ के चेयरमैन पुष्पेन्द्र शेखावत, नगर मंडल अध्यक्ष निशान्त कर्णवाल, धर्मेन्द्र जोशी, जोशी, सुधीर चौहान, अधिशासी अधिकारी सन्तोष मिश्र, वीर सिंह प्रजापति, दीपक शर्मा आदि उपस्थित रहे।



शहीद तिराहे पर दीप प्रज्वलित करते डॉ एमपी सिंह।

# नलकूपों से बिजली का तार चोरों ने कर दिया पार

**किरतपुर ( चिंगारी )।** चोरों ने दो अलग-अलग जगह से कुओं का करीब 500 मीटर बिजली का तार चोरी कर लिया, जिससे किसानों में रोष व्याप्त है। चिंगारी को मिली जानकारी के अनुसार निकटवर्ती ग्राम फाजलपुर के किसान जयपाल के कुए से 16 सितंबर की रात को अज्ञात चोरों ने उनके बिजली की लाइन का करीब 360 मीटर तार काटकर चुरा कर ले गए। ग्राम डबासो वाला के किसान गेंदा सिंह के कुएं से अज्ञात चोरों ने करीब 140 मीटर तार चोरी कर लिया। दोनों किसानों ने थाने में तहरीर दे दी हैं। ज्ञात हो कि इसी सितंबर माह में चोरों ने नहटौर रोड पर आर के इंटरनेशनल स्कूल के पास तथा ग्राम शाहपुर सुक्खा से भी लगभग 2000 मीटर तार चोरी कर लिया था। कुओं से लगातार चोरी की वारदातों से किसान परेशान हैं।

# विधायक ओम कुमार ने किया गुदड़ी दोयज मेले का उद्घाटन



**हल्दौर ( चिंगारी )। नगर का प्रसिद्ध गुदड़ी दोयज मेले का गुरुवार से शुभारंभ हो गया। जिसका उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक ओम कुमार ने फीता काटकर किया।**

पोखर बाजार पर हर वर्ष लगने वाले गुदड़ी दोयज मेले में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक ओम कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मेले भाईचारे के प्रतीक होते हैं, यह भारतीय संस्कृति की धरोहर है और अपनी एक अलग पहचान रखते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन प्राचीन धरोहरों को विकसित करने का कार्य किया हैं। उन्होंने कहा कि यह मेला ऐतिहासिक व प्रसिद्ध मेला हैं। मेले में आने वाली माताओं बहनों बेटियों का सम्मान करें तथा कोई भी ऐसा कार्य न करें जिससे मेले की छवि खराब हो। उन्होंने कहा कि पहले मेलों में बहन बेटियों का आना दुश्वार हो गया था, लेकिन जब से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार आई है, तब से बहन बेटियां सुरक्षित हैं। इस मौके पर चेयरपर्सन पति दीपक सैनी, मंडल अध्यक्ष पीयूष चौहान, दर्पण रावल, गन्ना समिति हल्दौर के चेयरमैन चौ.नरेश कुमार, थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी, ठा.वरुण प्रताप सिंह उर्फ हनी, रालोद नगर अध्यक्ष राजेंद्र चौहान, चरण सैनी, शिवम चौधरी, हेमेंद्र सिंह प्रधान, नरेश कुमार प्रधान, सागर सिंह प्रधान, राजेश चौहान, सरदार तेजपाल सिंह, मोहित सैनी, सभासद राजीव चौहान, नवनीत चौहान, उदयवीर सिंह व राजीव चौहान आदि उपस्थित रहे।

# मिलेनियम स्कूल में हुई विश्वकर्मा पूजा

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल नजीबाबाद रोड कोतवाली देहात में विश्वकर्मा जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में वाहनों, कंप्यूटर व अन्य उपकरण की पूजा अर्चना की गई। मिलेनियम पब्लिक स्कूल में भगवान ब्रम्हा जी के सातवें पुत्र विश्वकर्मा जी का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती मीना सिंह ने किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार द्वारा बताया गया हिंदू धर्म में विश्वकर्मा को निर्माण एवं सृजन का देवता माना जाता है। इसके पश्चात उप प्रधानाचार्य शालिनी चौहान एवं एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में सभी ड्राइवर को मिठाई व फल वितरित किए गए।



# पुलिस के हस्तक्षेप पर करनी पड़ी प्रेमिका से शादी

**नहटौर ( चिंगारी )। सरकारी नौकरी मिलने के बाद अपनी प्रेमिका से शादी से इनकार करने के मामले में दोनो पक्ष राजी हो गये। दोनो का विवाह करा दिया गया। नहटौर एक गांव की युवती दूसरे गांव के एक युवक से करीब छह साल से प्रेम संबंध था। युवक का सरकारी नौकरी में चयन हो गया। नौकरी पर जाते ही युवक का व्यवहार बदल गया और शादी करने से साफ इनकार कर दिया। युवती अपने परिवार के साथ नहटौर थाने पहुंची और पूरी बात बताई। जब परिवार वालों ने लड़के पक्ष से संपर्क किया, तो उन्होंने भी रिश्ता ठुकरा दिया था। पुलिस ने दोनों पक्षों को बातचीत के लिए बुलाया। दोनों पक्षों की सहमति के बाद आर्य समाज मंदिर में शादी की रस्में पूरी हुईं। कोतवाल किशन अवतार सिंह ने बताया कि दोनों पक्ष थाने आए थे। उन्होंने आपसी सहमति बनने की बात कही है।**

# चांदपुर में धूमधाम के साथ निकली भव्य विश्वकर्मा यात्रा

**चांदपुर ( चिंगारी )।** नगर में भगवान विश्वकर्मा की जयंती श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई तथा दो स्थानों पर भंडारा हुआ, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मुहल्ला विवेक नगर में वरिष्ठ पत्रकार सचिन शर्मा के आवास पर विश्वकर्मा सेवा समिति की ओर से हवन पूजन का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य यजमान राजेन्द्र धीमान व उनकी धर्मपत्नी सुरेश बाला रही, जबकि दीपक धीमान पुरोहित रहे।



कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व मंत्री एवं एमएलसी अशोक कटारिया ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के प्रथम शिल्पकार और देवताओं के वास्तुकार है। सर्वश्री गोविन्द मित्तल बीकेजी वाले, आभा फाउंडेशन की प्रबंधक आभा सिंह, पूर्व विधायक कमलेश सैनी, भाजपा नेता विवेक कर्णवाल, प्रसिद्ध उधमी पंकज चौधरी, चौ. कविता सिंह, ब्लाक प्रमुख पुत्र कपिल चौधरी, अरविन्द कुमार पप्पू, शक्ति भारद्वाज मित्तल, विकास गुप्ता रॉकी, रालोद नेता विरेंद्र चौधरी, हनी तोमर, पूर्व ब्लाक प्रमुख चौ. धर्मपाल सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष पुखराज सैनी, सभासद मंदीप चौधरी आदि ने हवन में आहुति दी। बाद में विशाल भंडारा हुआ, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में विपिन विश्वकर्मा, विपिन धीमान, राजीव विश्वकर्मा, दिनेश विश्वकर्मा दिव्री, हरिओम विश्वकर्मा, नमित विश्वकर्मा, अतुल जैमिनी, वीरेन्द्र शर्मा, दीपक शर्मा आदि उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर विश्वकर्मा सेवा सोसायटी के तत्वावधान में विश्वकर्मा जयंती पर नगर में बैंड-बाजे व झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। आभा सिंह ने भगवान विश्वकर्मा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शोभायात्रा में सुरेन्द्र धीमान, प्रदीप धीमान, कपिल धीमान,डा सुनील धीमान, जितेंद्र धीमान, नितिन धीमान सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। इससे पूर्व देवी मंदिर में हवन पूजन हुआ तथा बाद में भंडारा हुआ।

# रोबिन सिंह फौजी की मौत से हीमपुर क्षेत्र में शोक की लहर

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** जनता बाल विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल रतनपुर खुर्द हीमपुर दीपा के प्रबंध संचालक मुकेशचंद आचार्य के वरिष्ठ सुपुत्र रोबिन सिंह फौजी का बृहस्पतिवार को चंडीगढ़ हॉस्पिटल में उपचार के दौरान निधन हो गया। पहले सेना और फिर पुलिस विभाग में अपनी सेवा देने वाले रोबिन सिंह फौजी का पार्थिव शरीर देर रात्रि जैसे ही उनके पैतृक गांव रतनपुर खुर्द पहुंचा, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। अपने लाड़ले के अंतिम दर्शन के लिए जन सैलाब उमड पड़ा। परिजनों का रुदन देख सबकी आंखें नम हो गईं। अमर शहीद रोबिन सिंह की उम्र मात्र 40 वर्ष थी। सेना में 16 साल नौकरी करने के बाद उन्होंने पुलिस विभाग ज्वाइन किया था। वर्तमान में उनकी ड्यूटी सहारनपुर जिले के शाकुंभरी थाना क्षेत्र में लगी थी, जहां एक सड़क हादसे में घायल हो गए थे। सहारनपुर में उनका उपचार कराया जा रहा था। अचानक इन्फेक्शन होने पर हालत बिगड़ने लगी। गंभीर अवस्था में उन्हें चंडीगढ़ पीजीआई में भर्ती कराया गया, फिर भी चिकित्सकों को सफलता नहीं मिल सकी। उनके आकस्मिक निधन से हर कोई सदमे में है। वह अपने पीछे पत्नी शालू और पुत्री दक्षी (15 वर्ष), पुत्र देवांश (12 वर्ष) सहित भरे पूरे परिवार को रोता बिलखता छोड़ गए। शुक्रवार को अमर शहीद रोबिन सिंह फौजी को अंतिम विदाई दी गई। उनकी शवयात्रा में हर आंख नम थी। इस दौरान जब तक सूरज चांद रहेगा रॉबिन तेरा नाम रहेगा, भारत माता की जय के नारों से आकाश गुंजायमान हो उठा। हजारों लोगों ने पुष्प अर्पित कर नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी। पूर्व सैनिकों ने सेना का प्रतीक चिन्ह फ्लैग और पुलिस विभाग की ओर से सम्मान स्वरूप गार्ड और ऑफ ऑनर कर उन्हें विदा किया। शव यात्रा में विधायक स्वामी ओमवेश, आभा फाउंडेशन की श्रीमती आभा सिंह, झालू नगर पालिका के चेयरमैन लोकेंद्र सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक हीमपुर दीपा रवि करण सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक कर्मवीर सिंह, तालान के अलावा पुलिस सेना प्रशासनिक और राजनीतिक हस्तियां मौजूद रहीं।


रोबिन सिंह का फाइल फोटो

## उत्कृष्ट खिलाड़ी भी थे रोबिन

**शाहिद रोबिन सिंह फौजी में जहां देश और जनसेवा का जज्बा कूट-कूटकर भरा था, वहीं क्रिकेट, वॉलीबॉल आदि स्पोर्ट्स के वह खिलाड़ी थे। हर किसी की मदद करते थे। क्षेत्र में उनका काफी सम्मान था। विशेष कर युवाओं में वह काफी लोकप्रिय थे। उनके नाम की प्रसिद्धी बाहरी प्रदेशों तक में भी थी।**

# जेई ने मारपीट की रिपोर्ट दर्ज करायी

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )। सिसौना विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता भानु प्रताप सिंह ने जोगीऔंधा गांव के तीन लोगों पर मारपीट करने और विभागीय दस्तावेज जबरन उठा ले जाने का आरोप लगाते हुए हीमपुर दीपा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। एसडीओ विद्युत हल्दौर और उलेढा बिजलीघर के अवर अभियंता उनके साथ रहे। पता चला है कि तीनों किसान विद्युत बाधित होने की समस्या को लेकर वहां पहुंचे थे।**

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# नगरपालिका ने हटवाये दो अवैध खोखे

**किरतपुर ( चिंगारी )। मंदिर मोतीचूर के पास स्थित टेम्पो स्टैंड पर सरकारी जमीन पर रखे गए दो खोखों को कल नगर पालिका की टीम ने हटवा दिया। कार्रवाई टेम्पो स्टैंड यूनियन की ओर से उपजिलाधिकारी नजीबाबाद को दिए गए प्रार्थना पत्र के बाद की गई। बताया गया कि यूनियन ने सरकारी जमीन पर रखे खोखों को हटवाने की मांग की थी। प्रार्थना पत्र पर मिले निर्देशों के अनुपालन में नगर पालिका की टीम कल शाम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और दोनों खोखों को हटवा दिया। कार्रवाई के दौरान नगर पालिका की टीम में हसन मुस्तफा, ज्ञानेश्वर, आनंद, मोनू, सुरेंद्र आदि मौजूद रहे। मौके पर पुलिस बल भी तैनात रहा। नगर पालिका की कार्रवाई के बाद टेम्पो स्टैंड की जमीन खाली करा दी गई।**

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन




**स्योहारा ( चिंगारी )।** धर्मनंदा चैरिटेबल ब्लड बैंक एवं लक्ष्य कॉलेज ऑफ एडवान्स ऐजुकेशन के सहयोग से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर लक्ष्य कॉलेज में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। ब्लड बैंक के डायरेक्टर डाक्टर शाश्वत वर्मा व डाक्टर शुभांगी वर्मा ने रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र व उपहार वितरित किये। कॉलेज प्रबंधन की ओर से अनुराग चौहान ने रक्तदान करते हुए कहा कि रक्तदान जैसे सेवा कार्य समाज में मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक जिम्मेदारी को मजबूत करते हैं। डाक्टर शुभांगी वर्मा ने कहा कि रक्तदान महादान होता है। समय-समय पर रक्तदान करते रहना स्वास्थ्य के लिए तो लाभकारी होता ही है। जरूरतमंद को समय पर रक्त भी मिल जाता है। ब्लड बैंक के डायरेक्टर शाश्वत वर्मा ने कहा कि रक्तदान हमारे लिए जरूरी है। जो भी रक्तदान करता है वह किसी न किसी के जीवन में खुशिया लाने वाला होता है। हमें रक्तदान करते रहना चाहिए और दूसरों को जागरूक करना चाहिए। डाक्टर शाश्वत वर्मा ने सफल आयोजन के लिए लक्ष्य कालेज टीम का धन्यवाद किया। इस दौरान 15 यूनिट रक्त किया गया। ब्लड बैंक डायरेक्टर शाश्वत वर्मा, प्रभारी ब्लड बैंक राकेश डोगरा, अमित राणा, टैक्निकल सुपर वाईजर साजिद खान तथा टैक्नीशियन अंकित राणा व विशाल कुमार एवं विशाल राणा ने सहयोग किया। प्रधानाचार्य मनोज कुमार, राहुल चौहान, अरविंद कुमार, अश्मनी कुमार, अभिषेक कुमार आदि मौजूद रहे।

# फायरिंग का एक और आरोपी गिरफ्तार

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के अकबरपुर तिगरी में लेनदेन को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद मामले में पुलिस टीम दूसरे वांछित आरोपी को अवैध असले सहित गिरफ्तार करने में सफल रही। गांव निवासी मुख्तार अहमद की पत्नी मुसर्रत ने दूसरे पक्ष पर घर में घुसकर मारपीट, गाली गलौज और फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए 7 सितंबर 2026 को हीमपुर पुलिस को तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर सात नामजद व दो अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ था। बृहस्पतिवार को मामले के दूसरे आरोपी अफजाल पुत्र छुन्नू (30 वर्ष) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एक वांछित आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक संदीप कुमार और शक्ति राम, आतिश मलिक, शादाब आदि कांस्टेबल शामिल रहे।

# दोनों राष्ट्रीय पार्टियों ने आन्दोलनकारियों के अनुसार राज्य के विकास का मॉडल नहीं किया तैयार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड क्रांति दल ने क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर आमजन के बीच पहुंचने और संवाद बढ़ाने का निर्णय लिया है। संगठन की ओर से युवाओं समेत समाज के विभिन्न वर्गों को दल से जोड़ने के लिए अभियान चलाने की बात कही गई। बैठक में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने के लिए सक्रियता से कार्य करने का संकल्प भी लिया। कण्वघाटी में आयोजित उक्रांद की बैठक में क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी पीएस जोशी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पदाधिकारियों ने प्रदेश की वर्तमान परिस्थितियों और क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि राज्य गठन के 26 साल बाद भी उत्तराखंड में कई बुनियादी समस्याएं बनी हुई हैं और लोगों को अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। आरोप लगाया कि प्रदेश की सत्ता में रही दोनों राष्ट्रीय पार्टियां राज्य आंदोलन के उद्देश्यों और आंदोलनकारियों की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास का मॉडल तैयार नहीं कर सकीं। बैठक में कहा गया कि प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध होने के बावजूद उत्तराखंड की समस्याओं का अपेक्षित समाधान नहीं हो पाया है। मौके पर कोटद्वार क्षेत्र की लंबित समस्याओं को जनता के बीच जाकर उठाने पर भी सहमति बनी। बैठक में उम्मेद भंडारी, देवेंद्र रावत, गणेश रावत, गोवर्धन काला, राजेश बुड़ाकोटी, शिवचरण सौंद, कृपाल गुसाई और रविंद्र सौंद समेत अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कुंवर सत्यवीरा इंजीनियरिंग कॉलेज में हुई विश्वकर्मा पूजा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन अत्यंत धूमधाम और श्रद्धा के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के निदेशक प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित करके किया। पूजा-कार्यक्रम मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष श्री गौरव गुप्ता की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के लिए कॉलेज प्रांगण को विशेष रूप से सजाया गया था। पंडित अस्मांक कौशिक द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण एवं संगीतमयी आरती के साथ पूजा-अर्चना कराई गई। प्रबंध तंत्र की ओर से वीरा सोसाइटी के सचिव कुंवर उदयन वीरा, सांसद मुरादाबाद कुंवर रुचि वीरा एवं रेडियो संदेश की सचिव श्रीमती स्वाति वीरा महाजन ने समस्त कॉलेज परिवार एवं क्षेत्रवासियों को विश्वकर्मा दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विकाश कुमार एवं प्रदीप शर्मा का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर डीन एकेडमिक्स मनोज कुशवाहा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल तथा विभिन्न विभागों के अध्यक्ष अंकित राजन अग्रवाल, डॉ. शुएब अली खान, डॉ. शुभम कुमार, सुधीर लांबा, सावन कुमार शर्मा, सरिता बंसल, सुनील भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।





## राशिफल

**विमल जैन**

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**शनिवार, 19 सितम्बर 2026**

मेष- ग्रहस्थिति अनुकूल, पुरुषार्थ के प्रति रुचि, परोपकार की भावना जागृत, घरेलू समस्याएँ सुलझने की ओर, वाहन से सुख, मित्रों से अपेक्षित सहयोग, धन संचय।

वृषभ- समय विपरीत, विचारित कार्यों में अड़चनें, साझेदारी के व्यवसाय में हानि, विवाद की आशंका, व्यर्थ के भागदौड़ में समय नष्ट, दाम्पत्य जीवन में कटुता, अशांति।

मिथुन- बुद्धि-विवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद, आर्थिक स्थिति में सुधार, सुसंदेश की प्राप्ति, यात्रा का प्रसंग, भौतिक सुख के साधन सुलभ, दाम्पत्य जीवन संतोषजनक।

कर्क- कठिनाइयों का निराकरण, धार्मिक क्रियाकलापों में अभिरुचि, विशिष्टजनों से सम्पर्क, सामाजिक गतिविधियों में रुझान, तनाव में कमी, अधिकारी वर्ग से अनुकूलता।

सिंह- शुभ भावनाओं का उदय, सामयिक कार्यों में अनुकूलता, इच्छित लाभ की प्राप्ति, नवयोजना की शुरुआत हेतु नूतन-पुरातन मित्रों से संयोग, परिवार में सुखशांति।

कन्या- कार्य-व्यवसाय में असफलता, स्वास्थ्य में अड़चनें, समस्याओं से अशांति, आपसी सम्बन्धों में तनाव, वैवाहिक जीवन में मनमुटाव, द्रव्य की क्षति, व्यर्थ भ्रमण।

तुला- ग्रहस्थिति अनुकूल, कठिनाइयों का निवारण, किसी के माध्यम से व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण उपलब्धि, नवसमाचार की प्राप्ति, स्वविवेक का निर्णय लाभदायक।

वृश्चिक-कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, शुभ विचारों के उदय से आत्मिक शांति, संभावित यात्रा संतोषजनक, मनोरंजन की ओर रुचि, सामाजिक कृत्यों की ओर रुझान।

धनु- स्वास्थ्य सुधार पर, समस्या के संदर्भ में स्वयं का निर्णय हितकर, बकाए धन की प्राप्ति, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था।

मकर- मानसिक अशांति, दैनिक कार्यों के प्रति उदासीनता, पारस्परिक मतभेद, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अहितकर, यात्रा निष्फल, मानसिक कष्ट।

कुम्भ- शुभ भावनाओं का उदय, विशिष्टजनों से सम्पर्क, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, भोग-विलासिता की ओर रुचि, आय के नवीन स्रोत।

मीन- समय संतोषजनक, साहसिक प्रयास प्रगति पर, व्यक्तिगत जीवन में नवीन उपलब्धि, शिक्षा के क्षेत्र में सफलता, पारस्परिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, यात्रा सफल।

**एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002, मो. : 09335414722**

# यूजीसी रोल बैक की मांग को लेकर गरजी करणी सेना



**बिजनौर ( चिंगारी )।** यूजीसी रोल बैक के मुद्दे को लेकर करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष एवं भारतीय किसान यूनियन (जनशक्ति) के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप चौहान के नेतृत्व में समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में धरना दिया। धरना स्थल पर आयोजित सभा में छात्र हित, शिक्षक हित, सामाजिक न्याय और उच्च शिक्षा की स्वायत्तता की रक्षा की मांग उठाई गई।

सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने उच्च शिक्षा से संबंधित वर्तमान निर्णय और व्यवस्था को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा से जुड़े किसी भी निर्णय में विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों और शिक्षाविदों सहित सभी संबंधित पक्षों की राय को उचित महत्व दिया जाना चाहिए।

वक्ताओं ने कहा कि उच्च शिक्षा की नीतियां व्यापक संवाद, पारदर्शिता और सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर तैयार की जानी चाहिए। उन्होंने समान अवसर, आरक्षण, छात्रवृत्ति, सामाजिक न्याय तथा विद्यार्थियों के संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई।

### कलेक्ट्रेट में धरना देकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और यूजीसी अध्यक्ष के नाम भेजा ज्ञापन

प्रदर्शन और सभा के बाद करणी सेना की ओर से जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और यूजीसी अध्यक्ष के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन में यूजीसी से संबंधित वर्तमान विवादित निर्णय अथवा व्यवस्था को वापस लेने तथा भविष्य में किसी भी नई नीति को लागू करने से पहले सभी संबंधित पक्षों से व्यापक संवाद एवं विचार-विमर्श करने की मांग की गई। सभा को शेर सिंह राणा, ललित चौहान, ठाकुर रविन्द्र सिंह, आजाद प्रताप सिंह, रणपाल सिंह और योगेश प्रधान आदि ने संबोधित किया।

## विवाद में महिला द्वारा पत्रकार को छेड़छाड़ के झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के मौहल्ला हवेलीतला में खिड़की खोलने को लेकर चल रहे विवाद के बीच महिला ने पत्रकार के खिलाफ छेड़छाड़ व मारपीट का झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया है। पीड़ित पत्रकार ने महिला सदफ नाज पत्नी कमरूल इस्लाम की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे को निराधार बताते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। पत्रकार जीशान का कहना है कि खिड़की निर्माण को लेकर उन्होंने पहले ही पुलिस व प्रशासन से शिकायत कर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर कानूनी प्रक्रिया का सहारा लिया था। आरोप है कि अब महिला ने जीशान, उनकी पत्नी रहनुमा, पड़ोसी अबरार व राशिदा के खिलाफ छेड़छाड़ व मारपीट सहित अन्य आरोपों में झूठा मुकदमा दर्ज कराया है। जीशान का आरोप है कि उसे लगातार मानसिक रूप से महिला द्वारा परेशान किया जा रहा है तथा बार-बार पुलिस में शिकायतें की जा रही हैं। उनका कहना है कि उनके विरुद्ध लगाए गए आरोपों से संबंधित अपनी बेगुनाही के साक्ष्य वह जांच अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
मध्य गंगा नहर निर्माण खण्ड-5,
बिजनौर

ई-प्रोक्योरमेन्ट अल्पकालीन निविदा सूचना संख्याः- 01/ई0ई0/2026-27

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य/कार्यों हेतु ऑनलाईन प्री-क्वालिफिकेशन/टेक्निकल एवं फाइनेन्शियल बिड/निविदाएँ (http://etender.up.nic.in) के माध्यम से सिंचाई विभाग में सिविल कार्यों हेतु वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांकः 29.09.2026 की अपरान्ह 05.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। बिड/निविदायें दिनांकः 21.09.2026 पूर्वान्ह 10.00 बजे से दिनांकः 29.09.2026 की अपरान्ह 05.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती हैं। टेक्निकल बिड दिनांकः 30.09.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाई घोषित ठेकेदारों की फाइनेन्शियल बिड सम्बन्धी सूचना वेबसाईट पर ऑनलाईन प्रदर्शित कर दी जायेगी। कार्यालय बंद होने अथवा अवकाश होने की दशा में निविदा/निविदायें अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेंगी।

निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

| लॉट स0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत जी0एस0टी0 रहित (लाख रू0) | धरोहर राशि (लाख रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु0) | जी.एस.टी.का मूल्य (18%) (रु0) | स्टेशनरी चार्जेज (रु0) | निविदा प्रपत्र का कुल मूल्य (रु0) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | मध्य गंगा नहर कालोनी के अन्तर्गत सड़क का नवीनीकरण का कार्य | 19.18 | 0.38 | 30 दिवस | रू0 300.00 | रू0 54.00 | रू0 500.00 | रू0 854.00 | "सी" या ऊपर |

नोटः- उक्त निविदा धनावंटन एवं अन्य स्वीकृतियों की प्रत्याशा में आमन्त्रित की जा रही है, जिनके प्राप्त होने पर ही टेण्डर खोलने/अनुबन्ध गठन की कार्यवाही की जायेगी। अन्यथा की दशा में निविदाऐं निरस्त की जा सकती है।

यह निविदा/बिड http://etender.up.nic.in एवं उ0प्र0 सरकार की बेवसाइट http://upgov.up.nic.in तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://www.idup.upgov.in पर उपलब्ध है। नियम एवं शर्ते सिंचाई विभाग एवं ई-टेंडरिग की वैबसाइट पर देखी जा सकती है।

**R.O.No. 256383 Date: 16-09-2026**
**UPID.www.upgov.nic.in**

(कर्ण पाल)
अधिशासी अभियन्ता
मध्य गंगा नहर निर्माण खण्ड-5
बिजनौर


# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्री विश्वकर्मा पूजन दिवस

**किरतपुर ( चिंगारी )।** स्थानीय श्री विश्वकर्मा शिव मंदिर में श्री विश्वकर्मा पूजा दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः 8 बजे आचार्य नरेन्द्र शर्मा द्वारा यज्ञ किया गया, जिसके यजमान डॉक्टर पंकज शर्मा सपत्नीक रहे। इसके उपरांत श्री विश्वकर्मा जी की संगीतमय कथा दिनेश महेश्वरी द्वारा की गई व छात्र-छात्राओं द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख सुनील कुमार रहे। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा भगवान श्री विश्वकर्मा जी सृष्टि के प्रथम शिल्पकार हैं।



मंच पर अरुण अग्रवाल, सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य सरवन कुमार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन अशोक शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रिटायर्ड दरोगा राजीव शर्मा द्वारा की गई। कार्यक्रम के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर नेमीशरण शर्मा, राजीव शर्मा, अनुराग श्री वास्तव, विपिन विश्वकर्मा, विनीत शर्मा, सुनील शर्मा, अशोक धीमान, सतीशचंद्र शर्मा, दयानंद धीमान, हैप्पी विश्वकर्मा, अशोक शर्मा, सचिन धीमान, दिनेशचंद्र शर्मा, अवधेश शर्मा, गजेन्द्र धीमान, चंद्रमणि धीमान, जयपाल शर्मा, अनिल धीमान, निर्मला शर्मा, नीशी शर्मा, अवनी शर्मा, प्रियंका, शिवानी शिखर साहनी, योगेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे ।

# अग्निवीर योजना युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ : गणेश गोदियाल




**देहरादून ( चिंगारी )।** कांग्रेस मुख्यालय, देहरादून में प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह और चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. हरक सिंह रावत ने संयुक्त प्रेस वार्ता की।

प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर दीपोत्सव मनाना और हजारों टन तेल की आहुति देना तब सवाल खड़े करता है जब देश में महंगाई चरम पर है और आम आदमी के घर दो वक्त का चूल्हा जलना मुश्किल है। अगर यही दीपक जनता उनके कामों से खुश होकर जलाती तो बात अलग होती।

उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना युवाओं के साथ छल है। यह स्थायी रोजगार के अवसरों को सीमित करने वाली योजना है। देश के लाखों युवा सेना में स्थायी नौकरी की उम्मीद से तैयारी करते हैं, लेकिन इस व्यवस्था में 4 साल बाद उनका सैन्य करियर समाप्त हो जाता है। 17-18 साल की उम्र में भर्ती होने वाला युवा 21-22 साल में फिर से बेरोजगार हो जाता है।

गोदियाल ने सवाल उठाया कि जब स्थायी सैनिक और अग्निवीर समान जोखिम उठाते हैं तो वेतन, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा में इतना बड़ा अंतर क्यों है? सेना सिर्फ नौकरी नहीं, जीवनभर की जिम्मेदारी और सम्मान है। सेना में अनुभव और विशेषज्ञता वर्षों से बनती है, उसे 4 साल का प्रशिक्षित कर्मचारी मानना गलत है।

प्रीतम सिंह ने कहा कि इसका सबसे ज्यादा असर उत्तराखंड पर पड़ा है। उत्तराखंड सैन्य परंपरा वाला राज्य है। यहां पहाड़ी क्षेत्रों के हजारों परिवार सेना को पीढ़ियों से आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा का आधार मानते हैं। आज युवा पक्की नौकरी चाहता है, 4 साल का इंतजार नहीं। बेरोजगारी के दौर में वर्षों की तैयारी के बाद फिर से रोजगार की दौड़ में लौटना गंभीर चुनौती है।

# कथा व्यास ने भक्त ध्रुव की कथा के साथ समुद्र मंथन का प्रसंग सुनाया



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार के काशीरामपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। कथा व्यास वेदाचार्य आचार्य देवी प्रसाद भट्ट ने श्रद्धालुओं को निष्काम भक्ति का संदेश देते हुए कहा कि भगवान की भक्ति जब किसी स्वार्थ या सांसारिक लालसा से मुक्त होकर की जाती है, तभी उसका वास्तविक फल प्राप्त होता है। निष्काम भक्ति मनुष्य के जीवन को आध्यात्मिक शांति प्रदान करने के साथ ही उसके जीवन का कल्याण करने का मार्ग प्रशस्त करती है।

कथा के दौरान आचार्य भट्ट ने भगवान श्रीहरि के भक्त ध्रुव के चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि बालक ध्रुव ने दृढ़ संकल्प और अटूट भक्ति के बल पर भगवान विष्णु को प्रसन्न किया और ध्रुव पद प्राप्त किया। इसके साथ ही कथा व्यास ने समुद्र मंथन की रोचक एवं आध्यात्मिक कथा का वर्णन करते हुए देवताओं और असुरों द्वारा किए गए मंथन तथा उससे निकले विभिन्न रत्नों और भगवान विष्णु की भूमिका का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने श्रीमद्भागवत में वर्णित भगवान के 24 अवतारों की कथा भी सुनाई। संगीतमय भागवत कथा के दौरान भजनों और धार्मिक प्रसंगों पर श्रद्धालु भाव-विभोर नजर आए। इस अवसर पर कथा आयोजक वीके जुयाल, सुधीर दुदपुड़ी, महेश जुयाल, मनीष जोशी, योगेश रतूड़ी, अंकित धस्माना, गिरीश कंडवाल, मुकेश पंत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# दुगड्डा ब्लॉक के बेसिक स्कूलों की क्रीड़ा प्रतियोगिता समाप्त

## कबड्डी में मांडई एवं खो खो में नाली संकुल विजयी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही दुगड्डा ब्लॉक के बेसिक स्कूलों की दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन हो गया। कबड्डी में मांडई संकुल विजेता रहा, वहीं खो-खो प्रतियोगिता में नाली संकुल अव्वल रहा। अंतिम दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं में प्राथमिक बालिका वर्ग की 50 मीटर दौड़ में ललिता, अंशिका और मीनाक्षी ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर में रालमा, अंशिका रावत और आराध्या, 400 मीटर में आराध्या, अंशिका रावत और पलक क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहीं। लंबी कूद में ललिता, अंशिका और आरती ने शीर्ष तीन स्थान प्राप्त किए। सब जूनियर बालिका वर्ग की 200 मीटर दौड़ में वैष्णवी रावत, युक्ता बिष्ट और अंकिता, 400 मीटर में मानवी, वैष्णवी रावत और सुहानी बिष्ट, 600 मीटर में सुहानी बिष्ट, जेनम और सृष्टि ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक बालक वर्ग की ऊंची कूद में अक्षत, नैतिक और समर तथा लंबी कूद में मनन, अनुज और नाजिम ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। बैडमिंटन में राधिका रावत, सौम्य नेगी और स्मृति मश- पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। खो-खो में नाली संकुल विजेता और मांडई संकुल उपविजेता रहा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष सुमन कोटनाला और पार्षद जयप्रकाश ध्यानी ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर ब्लॉक खेल समन्वयक अरुण कुकरेती, सह समन्वयक लक्ष्मी नैथानी, गोपाल जसोला, प्रकाश चौधरी, कुलगौरव द्विवेदी, सुबोध ध्यानी, राजेंद्र पाल, विजय पाल, सुरेश सिंह और वीरेंद्र भंडारी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# योग एवं अध्यात्म की प्रतिमूर्ति थे प्रो. ईश्वर भारद्वाज

## 'दीपशिखा' संस्था ने श्रद्धांजलि अर्पित की



**हरिद्वार ( चिंगारी )।** दीपशिखा साहित्यिक एवं सांस्कृतिक मंच हरिद्वार ने गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय योग विज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं योग मनीषी प्रोफेसर डॉक्टर ईश्वर भारद्वाज के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। दीपशिखा मंच की अध्यक्ष डॉ. मीरा भारद्वाज ने कहा कि प्रोफेसर ईश्वर भारद्वाज योग एवं अध्यात्म की प्रतिमूर्ति थे, उनके निधन से शिक्षा, योग तथा समाज की अपूरणीय क्षति हुई है। उपाध्यक्ष उमेश शर्मा ने कहा प्रोफेसर भारद्वाज सरल, सहज विद्वान तथा राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय योग साधक थे। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय वेद विभाग के अध्यक्ष एवं प्रोफेसर डॉ. दिनेश चंद्र शास्त्री ने उनकी स्मृतियों को याद करते हुए कहा कि प्रोफेसर ईश्वर भारद्वाज एक बहु आयामी व्यक्तित्व के धनी थे। उनका योग क्षेत्र में अमूल्य योगदान सदा अविस्मरणीय रहेगा। संस्था सचिव एवं साहित्यकार डॉ सुशील कुमार त्यागी अमित ने प्रोफेसर ईश्वर भारद्वाज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म 4 जुलाई सन 1955 को त्यागी ब्राह्मण कुल में दिल्ली के नजफगढ़ क्षेत्र के शिकारपुर (ओम नगर ) में हुआ था। उनका निधन 16 सितंबर सन 2026 को 71 वर्ष की आयु में हुआ। उन्होंने गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय की 39 वर्षों तक सेवा की। संस्कृत मनीषी एवं साहित्यकार विजय कुमार त्यागी स्वयं ने कहा कि प्रोफेसर ईश्वर भारद्वाज ने अपने जीवन काल में औपनिषदिक अध्यात्म विज्ञान सरल योगासन, उपनिषदों में सन्यास योग तथा मानव चेतना जैसे ग्रंथों की रचना कर साहित्य जगत में अपना विशेष स्थान बनाया था। इस अवसर पर डॉक्टर मीरा भारद्वाज, उमेश शर्मा, प्रोफेसर दिनेश चंद्र शास्त्री, डॉक्टर सुशील कुमार त्यागी, डॉक्टर विजय कुमार त्यागी ने प्रोफेसर ईश्वर भारद्वाज के निधन पर भावभीनी श्रद्धांजलि समर्पित की और उन्हें याद किया।

# कालसी में गूंजा मां यमुना का जयघोष

## मुख्यमंत्री धामी ने दी आध्यात्मिक विकास की बड़ी सौगात



**देहरादून ( चिंगारी )।** जनपद के कालसी में मां यमुना के पावन तट पर श्रद्धा, आस्था और सांस्कृतिक विरासत का भव्य संगम देखने को मिला। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कालसी पहुंचकर मां यमुना की भव्य प्रतिमा का अनावरण, हरिघाट का लोकार्पण तथा मां यमुना कृष्ण मंदिर का शिलान्यास किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम और यमुना आरती ने पूरे क्षेत्र को दीपों की दिव्य रोशनी से आलोकित कर दिया। मुख्यमंत्री धामी ने साधु-संतों और हजारों श्रद्धालुओं के साथ मां यमुना की आरती में भाग लिया तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। कार्यक्रम के दौरान 2100 दीपों से यमुना तट जगमगा उठा, जिसने कालसी को आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति के वातावरण से भर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कालसी इतिहास, आस्था और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं की भूमि है। माँ यमुना की प्रतिमा, हरिघाट और मंदिर निर्माण जैसे कार्य इस क्षेत्र की धार्मिक पहचान को नई मजबूती देंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सनातन परंपराओं को नई पीढ़ी से जोड़ने के साथ-साथ उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत को देश-दुनिया तक पहुंचाने का माध्यम बनते हैं।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# मुरादाबाद में होमगार्ड भर्ती में दौड़ लगाते हुए युवक की मौत

**मुरादाबाद ( चिंगारी )।** मुरादाबाद में 9वीं वाहिनी पीएसी मैदान में चल रही होमगार्ड भर्ती की दौड़ के दौरान आज सुबह एक अभ्यर्थी अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा। अभ्यर्थी को आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

उसकी पहचान शिवम यादव पुत्र विनोद यादव निवासी राजपुर कला, मणिनाथ कॉलोनी बरेली निवासी के तौर पर हुई। अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब आठ बजे दौड़ के दौरान शिवम अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। भर्ती प्रक्रिया में मौजूद लोगों ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। शिवम के शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है। उनके परिवार में पत्नी कोमल और तीन साल की बेटी है। बताया गया कि शिवम ने बीटेक की पढ़ाई पूरी की थी और घर पर ही बच्चों को कोचिंग कराकर परिवार का पालन-पोषण करते थे। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया।





## आवश्यकता है
बिजनौर शहर में रिटेल मेडिकल स्टोर पर कार्य करने हेतु लड़कों की।
वेतन-6000-15000 मासिक
नोट- केवल अनुभवी ही संपर्क करें-
मो. 9012244453

**MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL**
*URGENTLY REQUIRED*
PGT PHYSICS,ENGLISH,
P.T.I (B.P.ED/M.P.ED.)
TGT All Subjects
*Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred*
*Transport Facilities available for Bijnor Staff*
Email : extrakotwali@gmail.com Send Resume on the
Given Number 9412201377
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR







